तापमान

अधिकतम 37 डिग्री

न्यूनतम 28 डिग्री

# हरिभूमि इस्पात भूमि

रायपुर, गुरुवार, 12 जून, 2025



12 सत्रह करोड़ खर्च बाद भी बोटिंग का पता नहीं, पर्यटकों का भी मोहभंग





13 लाखों की लागत से अनेक गांवों में बना सार्वजनिक शौचालय हुआ जर्जर







## NEET/JEE के लिए भिलाई सुपर 30 में प्रवेश प्रारंभ-आनंद कुमार

जो छात्र NEET व JEE की तैयारी करना चाहते है उनके लिए एक सुनहरा अवसर है कि सुपर 30 भिलाई में नामांकन टेस्ट प्रारंभ हो गया है। इसमें 30 छात्रों को निःशुल्क NEET व JEE की तैयारी करवाया जाएगा, जिसका चयन प्रक्रिया ऑनलाईन व ऑफ लाइन परिक्षा के माध्यम से होगा। 30 चयनित छात्रों को आनंद कुमार के मार्गदर्शन में NEET व JEE का तैयारी करवाया जाएगा इसमें IITians डॉक्टर व एक्सपर्ट शिक्षकों के द्वारा पढ़ाया जाएगा, जिसमें 6 घंटो का क्लास प्रत्येक रविवार को NEET व JEE पर आधारित टेस्ट लिया जाएगा।

दिसंबर से सप्ताह में 3 टेस्ट व अप्रैल में प्रत्येक दिन टेस्ट लिया जाएगा। पिछले वर्ष 30 छात्रों में से 16 छात्रों का चयन हुआ, इस वर्ष 22 से अधिक छात्रों का चयनित होने की संभावना है। यह संस्था पूरे



भारतवर्ष में एकलौती संस्था है। एक नही तीन बार शत प्रतिशत छात्र चयनित हुए है। इसमें सभी वर्ग के लोग आवेदन कर सकते है। यह परिक्षा 12 व 13 जून को ऑनलाईन व ऑफलाइन होगा व परिणाम 14 जून को घोषित होगा।

इस तैयारी का मुख्य उद्देश्य ऐसे छात्रो का चयन करवाना है जो पैसो के आभाव में डॉक्टर व इंजीनियर बनने का अपना सपना पूरा नही कर पाते। यह एक समाजिक पहल है, जो छत्तीसगढ़ वासियों के लिए वरदान साबित होगा, क्योंकि सुपर 30 से कई बार पूरे के पूरे छात्र चयनित हुए है। अब आनंद सर के मार्गदर्शन से छत्तीसगढ़ वासियों को यह सुविधा मिल रहा है **अधिक जानकारी के लिए मोबाईल नं. 9243226707, 9202581591, 7415295273 पर संपर्क कर सकते हैं।**

ADVT.



वालकिंस स्किन क्लिनिक

Valkin's

USFDA स्वीकृत अत्याधुनिक उपचार

CARBON LASER FACIAL

परामर्श सिर्फ 199/-



डॉ. सुकृति अरोरा

एम.डी. गोल्ड मेडलिस्ट

पद्मनाभपुर, दुर्ग

7880090220


## खबर संक्षेप



### जिले के 7 टीआई प्रमोशन के बाद बने डीएसपी

**भिलाई।** दुर्ग रेंज के नौ पुलिस निरीक्षकों को आईजी राम गोपाल गर्ग व एसएसपी विजय अग्रवाल ने कंधे पर स्टार लगाकर प्रमोशन दिया है। आईजी के निर्देश पर पीपिंग सेरेमनी का आयोजन 32 बंगला आईजी कार्यालय भिलाई में आयोजन था। दुर्ग जिले से निरीक्षक विपीन रंगारी, ममता अली शर्मा, मोनिका पाण्डेय, कुंज बिहारी नागे,एम्ब्रोस कुजूर, यशकरणदीप ध्रुव, बालोद तुलसिंह पट्टावी, लक्ष्मी प्रसाद जायसवाल, बेमेतरा संतोषी ग्रेस शामिल हैं। उक्त अधिकारियों को आईजी ने प्रमोशन पर शुभकामनाएं दी है। इस दौरान एएसपी सुखनंदन राठौर, पुलिस लाइन डीएसपी चन्द्र प्रकाश तिवारी, पनिक राम कुजूर, नीलकंठ वर्मा पुलिस पीआरओ प्रशांत कुमार शुक्ला, फोटोग्राफर शेख मोहम्मद मौजूद थे।

### साढ़ू निकला चोर, 6 लाख रुपए का सामान किया जब्त

**भिलाई।** मकान का ताला तोड़कर सोना चांदी के जेवरात को पार करने वाला आरोपी पीड़ित का साढ़ू भाई निकला है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया है। घटना का खुलासा करते हुए एएसपी सुखनंदन राठौर व सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि रामनगर थाना वैशाली नगर निवासी दुर्गेश महानंद ने पुलिस में शिकायत किया था। चाचा टिकरू महानंद अपने परिवार के साथ उड़िसा 8 जून को गए हुए थे। 10 जून को पीड़ित के चाचा का बेटा कॉल कर बताया कि मकान का ताला टूटा पड़ा है। मकान में जाकर देखने पर सारा सामान बिखरा पड़ा मिला। मकान से नगदी 11 हजार रुपए, सोना चांदी के जेवरात गायब मिले। खोजबीन करने पर पुलिस ने एक व्यक्ति सोने चांदी के जेवरात को बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहा था। पुलिस ने उसे घेराबंदी कर पकड़ लिया। आरोपी सेक्टर 9 भिलाई नगर निवासी एम मोहन राव है। मोहन राव पीड़ित के भाई धनराज महानंद जहाज बिल्डिंग रामनगर निवासी का साढ़ू भाई है। आरोपी एम मोहन राव अपने दोस्त के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया था। आरोपी घर में छिपाकर रखे बैग में सोने चांदी के जेवरात और नगदी रकम रखा हुआ था। फरार आरोपी की तलाश में पुलिस जुटी हुई है। इस दौरान वैशाली नगर प्रभारी अमित अदानी मौजूद थे।

राजनीतिक घटनाक्रम : पूर्व गृहमंत्री की भांजी व एमआईसी सदस्य सीमा साहू ने ली भाजपा की सदस्यता

# रिसाली निगम की शहर सरकार खतरे में,19 कांग्रेस तो भाजपा पार्षद हो गए 20

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

रिसाली निगम में फिर से बड़ा राजनैतिक बदलाव आया है। यहां की शहर सरकार खतरे में आ गई है। इसलिए कि इस निगम में कांग्रेस से ज्यादा भाजपा के पार्षद हो गए हैं। बुधवार को पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू की भांजी और एमआईसी सदस्य सीमा साहू ने भाजपा का दामन थाम लिया। यानी अब सत्तारूढ़ दल कांग्रेस के 19 और भाजपा के इससे ज्यादा कुल 20 पार्षद हो गए हैं। भाजपा के एक पार्षद के पिछले दिनों निधन हो गया था इसलिए वहां चुनाव होना है। इसलिए कुल 40 पार्षदों में से वर्तमान में 39 पार्षद इस निगम में हैं।

राजनैतिक गलियारों में सीमा का भाजपा प्रवेश को इसलिए ज्यादा महत्वपूर्ण माना जा रहा है कि वे पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू की रिश्ते में भांजी है। जब रिसाली निगम में महापौर पद का चयन होना था तब सीमा इस पद की सशक्त दावेदार थी। इस बीच राजनीति ऐसी करवट ली कि गृहणी शशि सिन्हा को महापौर पद दे दिया गया। तभी से सीमा नाराज चल रही थी लेकिन प्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी और तत्कालीन गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू के पारिवारिक रिश्ते की वजह से चुप्पी साधे हुए थी।



### सांसद बघेल के निवास में ली भाजपा की प्राथमिक सदस्यता

एमआईसी सदस्य सीमा साहू ने लोकसभा सांसद विजय बघेल ने सेक्टर-5 भिलाई निवास में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर की मौजूदगी में भाजपा का गमछा पहना। दोनों नेताओं ने पार्टी में उनका स्वागत किया। 8 जून को दुर्ग राजीव भवन में आयोजित दुर्ग-ग्रामीण विधानसभा स्तरीय संविधान बचाओ रैली के मंच में पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने महापौर शशि सिन्हा से कहा था कि अभी भी जो-जो कांग्रेस को छोड़कर भाजपा में जाना चाहता है उसको सार्वजनिक रूप से बोल दो। उसके बाद बुधवार को एमआईसी सदस्य सीमा साहू ने भाजपा में प्रवेश कर लिया है।

### भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का आरोप

महापौर पर भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने के आरोप लगे हैं। इसके लिए मेंयर चेंबर में रणनीति बनाई जाती है। साथ ही अधिकारियों पर किस तरह से अव्यवहारिक और अमर्यादित व्यवहार कर उन पर दबाव बनाया जाए, इसी विषय में लगातार बैठक कर रणनीति बनाई जाती है। तीन नए महापौर परिषद के सदस्यों द्वारा महापौर संचालित हो रही है। ऐसे में मेरा ऐसे लोगों के बीच काम करना संभव नहीं है। मैं राजनीति में सुचिता और लोगों के लिए काम करने के लिए आई थी, परंतु अब मेरा यहां रहकर काम करना संभव नहीं है। मैं भ्रष्टाचार और अनैतिक कृत्य नहीं कर सकती इसलिए आज कांग्रेस से बाहर होकर भाजपा में शामिल हो रही हूं।

**-डॉ. सीमा साहू,**
पूर्व एमआईसी मेंबर

### छह पार्षद अब तक भाजपा में ले चुके हैं प्रवेश

रिसाली निगम में कांग्रेस छोड़कर भाजपा जाने वाले पार्षदों में सभी की नाराजगी महापौर शशि सिन्हा के प्रति रही है। एमआईसी सदस्य सीमा साहू भी इसी समस्याओं को भाजपा में जाने का मूल वजह बताती है। इसके पहले रिसाली नगर निगम मरोदा पुरैना वार्ड 14 की पार्षद सरिता देवांगन, वार्ड 15 की पार्षद ईश्वरी साहू, वार्ड 33 के पार्षद व एमआईसी सदस्य परमेश्वर कुमार (पिंटू), वार्ड 20 के पार्षद व एमआईसी सदस्य चंद्रप्रकाश निगम और रिसाली वार्ड 3 की पार्षद सारिका प्रेम साहू भाजपा शामिल हुए थे। सभी ने महापौर के रवैए को लेकर दिक्कतें बताई थी।

### अविश्वास प्रस्ताव के लिए चाहिए 26 पार्षद

रिसाली निगम की राजनैतिक घटनाक्रम तेजी से बदलता जा रहा है। प्रदेश कांग्रेस सरकार बदलने के बाद से अब तक छह पार्षद भाजपा में प्रवेश ले चुके हैं। वैसे अविश्वास प्रस्ताव के लिए कुल 26 पार्षद भाजपा को जरूरत है। महापौर शशि सिन्हा की कार्यशैली से और भी कई कांग्रेस पार्षद नाराज चल रहे हैं। एमआईसी में फेरबदल कर अनुभवी पार्षदों को हटाने और गैर अनुभवी पार्षदों को तवज्जो देना कांग्रेस पार्षदों में फूट की मुख्य वजह है। अब तो महापौर पर उनके पार्षद भष्ट्राचार तक के आरोप लगाने लगे हैं। सूत्र बताते हैं कि पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू महापौर शशि सिन्हा को भी कह चुके हैं कि निगम संभल नहीं पा रहा है इसलिए इस्तीफा दे दो। इसके बाद महापौर ने पूर्व गृहमंत्री साहू से ही स्वयं को किनारा कर लिया।

## डिजिटल अरेस्ट: ट्राई का डर दिखाकर 49 लाख ठगने वाला एक और गिरफ्तार



जिले में ऑनलाइन फ्रॉड के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। इस बीच ट्राई का अफसर बताकर रुआबांधा सेक्टर निवासी इंद्रप्रकाश पिता ईश्वरी प्रसाद कश्यप (51 वर्ष) से ठगी मामले में एक आरोपी को राजस्थान से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी बांसड़ा खेरोदा वल्लभनगर उदयपुर का रहने वाला भरत पिता चुन्नीलाल मेनारिया (30 वर्ष) बताया गया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि इंद्रप्रकाश कश्यप ने 16 नवंबर 2024 को मामले में शिकायत की थी। उसने लिखित आवेदन में कहा कि मोबाइल नंबर 9783623063 के धारक द्वारा खुद को टीआरएआई (ट्राई) से काल कर रहा हूं बोलकर बताया कि आपके आधार कार्ड से क्राइम हुआ है। इसके एवज में 49,01,196 रुपए जमा करवा लिए गए। इसके बाद पुलिस ने मामले में जांच शुरू की।

सीडीआर और अन्य माध्यमों से आरोपियों की पतासाजी की गई। मामले में 7 महीने पहले पुणे निवासी सद्दाम मुल्ला, औरंगाबाद निवासी बाबू, श्रीधर भराड को गिरफ्तार किया गया। पता चला कि आरोपियों ने एक व्यक्ति का आईसीआईसीआई बैंक का खाता, इंटरनेट बैंकिग का युजर आईडी, पासवर्ड तथा बैंक मे रजिस्टर्ड सिम कार्ड तथा जिस मोबाइल में सिम कार्ड को चेक किया गया था, वह वाला मोबाईल फोन को देना बताया। इस पर आरोपी भरत कुमार मेनारिया की प्रकरण में संलिप्तता सामने आई। उसे गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

### फ्रेंचाइसी दिलाने का झांसा देकर 11.74 लाख ठगे

**भिलाई।** आईसक्रीम का फ्रेंचाइसी दिलाने का झांसा देकर फर्नीचर कारोबारी से लाखों रुपए का ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात मोबाइल धारक के खिलाफ धारा 318 (4) के तहत जुर्म दर्ज किया है। मोहन नगर पुलिस ने बताया कि प्रकाश चंद जांगिड का इंडस्ट्रियल एरिया धमधा नाका रोड दुर्ग में दीपक प्लायवुड के नाम फर्नीचर का दुकान है। माह फरवरी 2025 में नेचुरल आईस्क्रीम का फ्रैंचाइसी लेने के लिए कंपनी के कस्टमर केयर नंबर पर ऑनलाइन गुगल में सर्च कर नंबर जुगाड किया। कॉल करने पर उक्त नंबर में फ्रैंचाइसी बंद होने की सूचना दी गई। 22 मई 2025 को पीड़ित के मोबाईल एक कालर ने स्वयं को उक्त आईसक्रीम कंपनी का कर्मी बताकर फ्रैंचाइसी के लिए कॉल किया। ओपन होने से फ्रेंचाइसी खरीदने के लिए कंपनी आफर पीड़ित को दिया। पीड़ित द्वारा कुल अज्ञात ने 11 लाख 74 हजार 900 रुपये खाते में ट्रांसफर कराया गया। तत्पश्चात ठगी का अंदेशा होने पर शिकायत दर्ज कराई।

## बांग्लादेशी व रोहिंग्या की सर्चिंग तेज 61 संदिग्धों के लिए गए फिंगर प्रिंट



हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

अवैध रूप से दुर्ग जिले में रह रहे बांग्लादेशी, रोहिंग्या घुसपैठियों की पहचान के लिए पुलिस ने सर्चिंग तेज कर दी है। पुलिस

- नंदिनी टाउनशिप और गया नगर दुर्ग में चला अभियान, 263 से पूछताछ

लगातार ऐसे लोगों के बारे में जानकारी जुटाने का प्रयास कर रही है। बुधवार की सुबह विशेष टीम बनाकर जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में चेकिंग की गई। इसमें पुलिस अनुविभागीय अधिकारी धमधा के नेतृत्व में थाना प्रभारी नंदनी नगर, धमधा के साथ पुलिस की टीम बनाकर नंदनी टाउनशिप, वार्ड 7 के निवासियों के 263 लोगो की जांच की गई। इसमें 35 संदिग्धों के फिंगर प्रिंट लिए गए। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि गयानगर दुर्ग में एसएसपी विजय अग्रवास के नेतृत्व में थाना प्रभारी दुर्ग, पद्मनाभपुर, भिलाई नगर,सुपेला के साथ अलग-अलग टीम बनाकर चेकिंग की गई। इस दौरान पुलिस को 26 लोग ऐसे मिले, जिसमें 3 हुगली जिला पश्चिम बंगाल, 23 पश्चिम मिदनापुर के रहने वालों का फिंगर प्रिंट, आधार कार्ड अन्य दस्तावेजो को चेकिंग कर सत्यापन किया गया।

### बड़े भाई की हत्या करने वाला गिरफ्तार

**भिलाई।** संपत्ति विवाद के बाद छोटे भाई ने अपने ही सगे बड़े भाई को टंगिया से सिर पर वार कर मंगलवार की रात मौत के घाट उतार दिया। मामले में पुलिस ने छोटे भाई को गिरफ्तार किया है। आरोपी भाई के खिलाफ पुलिस ने धारा 13 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि वार्ड 39 दलबीर भवन के सामने नंदनी रोड सुभाष नगर निवासी रजेन्द्र सिंह 53 वर्ष का शव घर पर ही खून से सना मिला। पुलिस में घटना की शिकायत वंशुल सिंह ने पुलिस से की थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच में पता चला कि राज उर्फ राजेश सिंह और महेन्द्र कुमार सिंह दोनो भाई का जमीन व पारिवारीक बात को लेकर विवाद हुआ। आरोपी राज उर्फ राजेश सिंह अपने हाथ मे रखे टंगिया से महेन्द्र कुमार सिंह के सिर जमकर हमला कर दिया। जिससे घटना स्थल पर ही महेन्द्र की मौत हो गई। आरोपी राज से पूछताछ करने पर भाई की हत्या करना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी राज उर्फ राजेश सिंह को पकड़कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया गया है।

## युक्तियुक्तकरण: पद छिपाकर अपनों को फायदा पहुंचाने के मामले में बीईओ निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

युक्तियुक्तकरण में पद छिपाकर अपनों को फायदा पहुंचाने के मामले में डौंडी ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को निलंबित कर दिया गया है। शिक्षा विभाग में बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई करते हुए विकासखंड शिक्षा अधिकारी डौण्डी जिला बालोद जयसिंह भारद्वाज को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। यह निर्णय जिला स्तरीय युक्तियुक्तकरण समिति बालोद की रिपोर्ट के आधार पर लिया गया है, जिसमें युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया में की गई गंभीर अनियमितताओं की पुष्टि हुई है।

### जांच में सामने आई मुख्य गड़बड़ियों को जानिए

रीता गरेवाल, शिक्षक विज्ञान टी संवर्ग, शासकीय बालक पूर्व माध्यमिक शाला डौण्डी की नियुक्ति संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग दुर्ग में हुई है, जिनकी कार्यभार ग्रहण तिथि 12 जुलाई 2022 है। संबंधित कर्मचारी परिवीक्षा अवधि में है। परिवीक्षा अवधि में होने के बावजूद उक्त शिक्षिका को अतिशेष की श्रेणी में गणना किया गया। नूतन कुमार साहू शिक्षक विषय गणित पूर्व माध्यमिक शाला कुमुड़कट्टा संस्था में एक ही गणित विषय का शिक्षक कार्यरत होने के बावजूद अतिशेष की श्रेणी में गणना किया गया है। पूर्व माध्यमिक शाला साल्हे में कला विषय में लेखनी साहू कनिष्ठ को अतिशेष की श्रेणी में गणना किया जाना था, किन्तु उनके स्थान पर परमिला ठाकुर शिक्षक विषय कला को गलत ढंग से अतिशेष चिन्हांकित गया है। पूर्व माध्यमिक शाला धुरवाटोला में विषय कला में भूपत कुमार धनेन्द्र को अतिशेष की श्रेणी में गणना किया जाना था, किन्तु उनके स्थान पर रविन्द्र कुमार बड़तिया शिक्षक विषय गणित को गलत ढंग से अतिशेष चिन्हांकित किया गया है। पूर्व माध्यमिक शाला पुतरवाही विषय कला में संजय जायसवाल कनिष्ठ को अतिशेष की श्रेणी में गणना किया जाना था, किन्तु उनके स्थान पर मोतिम सिन्हा शिक्षक विषय कला को गलत ढंग से अतिशेष चिन्हांकित गया है। इन सभी मामलों में जयसिंह भारद्वाज की ओर से घोर लापरवाही और अनियमितता सामने आई है, जो कि छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के नियम 3 का स्पष्ट उल्लंघन है।

राज्य शासन के सामान्य प्रशासन विभाग की अधिसूचना के तहत संभागीय आयुक्त को प्राप्त अधिकारों के अनुसार, छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 के नियम 9(1)(क) के अंतर्गत निलंबन की कार्रवाई की गई है। निलंबन अवधि में भारद्वाज का मुख्यालय जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय, बालोद निर्धारित किया गया है तथा उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता दिया जाएगा। यह आदेश तत्काल प्रभाव से प्रभावशील होगा।

**खास बात**

- युक्तियुक्तकरण : संयुक्त संचालक शिक्षा विभाग दुर्ग में हुई थी नियुक्ति, गड़बड़ी सामने आने के बाद कार्रवाई

### इसके पहले दुर्ग बीईओ हो चुके हैं निलंबित

युक्तियुक्तकरण में अतिशेष की गणना व पद छिपाने के मामले में दुर्ग बीईओ गोविंद साव पहले ही निलंबित हो चुके हैं। साव ने अपनी पत्नी कुमुदनी साव को अतिशेष से बचाने के लिए गड़बड़ी की थी।

आयुक्त राजीव पांडेय ने मदर टेरेसा और कुम्हारपारा का किया औचक निरीक्षण

# डायरिया से बचाव और हर घर साफ पानी पहुंचाने चलेगा अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

शहर में डायरिया का खतरा लगातार बढ़ते जा रहा है। बढ़ती गर्मी के कारण उल्टी-दस्त की शिकायतें बढ़ रही है। इसे देखते हुए आयुक्त राजीव पांडेय ने मदर टेरेसा और कुम्हारपारा क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि डायरिया से बचाव को लेकर उपाए किए जाएं। हर घर साफ पानी पहुंचाना सुनिश्चित किया जाएगा। इसके लिए अभियान चलाया जाए। आयुक्त स्वयं सुबह 7:30 बजे से ही वार्ड जोन आयुक्त सतीश यादव, इंजीनियरों एवं पार्षद पति धर्मेन्द्र दिवाकर के साथ वार्डों का दौरा किया। जोन 3 के वार्डों में पेयजल को लेकर कोई समस्या न हो इसके लिए आयुक्त के निर्देश पर भिलाई निगम के सभी इंजीनियरों की अलग-अलग टीम बनाकर संपूर्ण वार्डों का सर्वे कार्य किया जा रहा है। वहीं स्वास्थ्य विभाग का अमला नालियों की सघन स्तर पर सफाई कार्य में जुटे हुए है, ताकि किसी भी प्रकार से जलजनित बिमारी न फैल सके।



### संवेदनशील जगहों पर देखी पाइपलाइन

वार्ड में पेयजल हेतु बिछाई गई पाइप लाइन को देखे और उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किए। कहीं पर भी पाइप लाइन में लीकेज की समस्या आ रही है तो उसका तत्काल संधारण कराने कहा। संधारण के दौरान वार्ड में नागरिकों को किसी प्रकार की पेयजल की समस्या न हो पाए, वार्ड के सभी गली, मोहल्लों में प्रतिदिन साफ-सफाई करते रहने, जरूरत पड़े तो पानी का सेंपल लेकर उसे लैब में जांच के लिए भेजे। यदि पानी में शुद्धता न दिखे तो टैंकर के माध्यम से पानी सप्लाई करें। मितानिन डोर-टू-डोर नागरिकों के घर पर जाकर जागरूक कर रही हैं। कोई लक्षण दिखे तो तत्काल डॉक्टर से सलाह लें और इलाज कराएं। बाहर के खादय सामग्री खाने से बचे, पानी उबालकर पिये, गर्म भोजन करें और सुरक्षित रहें।

### पिंक उद्यान की सफाई के निर्देश

आयुक्त ने सेक्टर 1 पिंक उद्यान का निरीक्षण किया। उद्यान अधिकारी तिलेश्वर कुमार साहू को निर्देशित किए की उद्यान में जो भी गाजर घास एवं अनावश्यक खरपतवार है, उसे निकलवा दिया जाए। वहां से होकर चंद्रा मौर्या टाकिज के समीप अंडरब्रिज में जलभराव की स्थिति देखा। यहां उपस्थित कर्मचारियो से कहा कि वहां पानी का भराव न हो, जो भी कचरा फसता है उसे तत्काल निकलवा कर हटा दिया जाए। जिससे आने-जाने वाले नागरिकों को किसी प्रकार की समस्या न हो और आवागमन बाधित न हो। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता संजय अग्रवाल, सहायक अभियंता नितेश मेश्राम एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### 22 वर्ष पहले लापता हुए बालक को पुलिस ने खोजा

**भिलाई।** ऑपरेशन तलाश के तहत पुलिस ने 22 साल से गायब बालक को खोज निकाला है। घटना भठ्ठी थाना क्षेत्र का है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि 1 से 10 जून 2025 तक चलाये गए अभियान के तहत में वर्षों से लापता 151 महिला, 72 पुरूष कुल 223 लापता को प्रदेश, देश के विभिन्न हिस्सों से बरामद किया है। भट्टी पुलिस ने वर्ष 2003 से लापता बालक को परिवार तक पहुंचाया है।


## पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

9300663610, 7489348301

# पांच साल में जिले के 87 पंचायतों ने नहीं कराया ऑडिट, सीईओ ने मांगा ब्यौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

ग्राम पंचायतों को विकास के लिए जारी राशि में जमकर बंदरबांट किए जाने की शिकायत सामने आ रही है। ऐसे जिले में करीब 87 से अधिक ग्राम पंचायतों का जनपद से आडिट ही नही किया गया है। जबकि हर साल विकास कार्य के लिए जारी राशि का आडिट किया जाता हैं। जिला पंचायत सीईओ बजरंग दुबे ने जनपदों से ऐसे ग्राम पंचायतों की जानकारी मांगी है, वहीं रिकवरी के निर्देश दिए जाने के बाद खलबली मच गई है।

राज्य शासन द्वारा हर साल ग्राम पंचायतों को गांव के विकास के लिए राशि जारी की जाती है। लेकिन विकास के नाम पर जनप्रतिनिधियों द्वारा जमकर मनमानी की जाती है। यही कारण है कि, एक साथ पांच साल का हिसाब आडिट सहित मांगा गया है। सीईओ ने विगत दिनों जिला पंचायत में विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक ली। उन्होने कहा वित्तीय वर्ष 2022-23 में किये गये ऑडिट वित्तीय वर्ष 2022-23 में किये गये ऑडिट अनुसार ग्राम पंचायतों में अनुपयोगी राशि उपलब्ध है, जिसे जिला पंचायत में वापस किया जाना है। जानकारी अनुसार प्रदेश में सत्ता बदलने के बाद ऐसे अनुपयोगी राशि को वापस भी मांगे गए थे। लेकिन जनपदों से राशि जिला पंचायत को अब तक नही भेजी गई है।

## विकास के लिए जारी की गई राशि में मनमानी, अब होगा हिसाब, जनपदों से मांगी अनुपयोग राशि भी

### इन पंचायतों ने पांच साल तक नहीं दी जानकारी

पंचायतों द्वारा वर्ष 2018 से 2023 तक एक भी बार ऑडिट नहीं कराया गया है। जिसमें दुर्ग के आमटी, अरसनारा, भरदा, भोथली, बोरई, चिंगरी, डांडेसरा, ढौर, घुघसीडीह, हनोदा, जेवरा, झोला, खाड़ा, खपरी (कु), खोपली, कोड़िया, कोकड़ी, कोलिहापुरी, कोनारी, मचांदुर, मतवारी, निकुम, पिसेगांव, रसमड़ा, रवेलीडीह, रिससाखुर्द हैं, वही धमधा के 26 गांव में अकोली, बसनी, भरनी, बोरसी, चीचा, चेटुवा, दनिया, दारगांव, देवरी, ढौर, धौराभाठा, ढौर (खे), डोडकी, गिरहोला, हिरेतरा, कंदई, कंडरका, करेली, खैरझीटी, खपरी (सांकरा),कोड़िया, लिमतरा, मोहलाई, मोंहदी, मोहरेंगा, मुरमुंदा, मुर्रा, नंदवाय, नारधा, पगबंधी, परबोड, पेन्ड्रावन, पेन्ड्री (ग), पोटिया (मे), रूहा, सगनी, सेवती, तरकोरी, टेमरी, ठेंगाभाट है। इसी तरह पाटन के 40 गांव में अर्मरीखुर्द, बटरेल, भरर, बोरिद, बोरवाय, धमना, डिडगाभाठा (रानीतरई), जामगांव (आर), खर्रा, कुर्मीगुण्ड्रा, मुड़पार, निपानी, ओदरागहन, पाहंदा (झ), पतोरा, फेकारी, रूही, सांतरा, सोनपुर, सुरपा, तेलीगुण्ड्रा हैं। अब इनसे पांच साल का रिपोर्ट मांगा गया हैं।




### सात दिन के अंदर खराब रिक्शों की मांगी जानकारी

सोमवार को मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत एवं समस्त स्टाफ की समीक्षा की गई। इस दौरान ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की समीक्षा, ग्राम पंयाचतों में रिक्शा खराब की जानकारी 7 दिवस के भीतर मांगे है। प्रत्येक गांव में अनिवार्य रूप से यूजर चार्जेस लिये जाने और इसके लिए ग्रामीणो को नारा लेखन, दिवाल लेखन, रैली, फिल्म प्रदर्शन आदि के माध्यम से व्यापक प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिये गये। ग्राम पंचायतों में संलग्न स्वच्छाग्राहियों को अंतिम बार कब सुरक्षा एव कार्य सामग्री प्रदाय की गई, इसकी जानकारी मांगी है। समीक्षा में विकास खण्ड वार कितने बर्तन बैंक प्रारंभ किये गये है, विकासखण्ड वार माह जून में 15 से 20 ग्राम पंचायत में बर्तन बैंक की स्थापना करने कहा।

## खबर संक्षेप

### संत कबीर साहेब प्रकटोत्सव सम्मेलन सम्पन्न



दुर्ग। गतवर्ष की भंति इस वर्ष भी सम्भाव कबीर सेवा समिति के तत्वाधान में सिविल लाइन शितला तालाब धरा धाम समृद्धि बाजार के बाजु स्थित समभाव कबीर कुटी मंदिरए राममंदिर एवं हनुमान मंदिर के प्रांगण में सदगुरु कबीर साहेब का 627 वीं प्रगटोत्सव का रंगारंग कार्यक्रम मंगलवार को गरिमामय सम्मेलन में महंत विक्रमदास महंत मोहित दासए दिवान बजरंग दास के अलावा संभाग के सभी संतो का गरिमामय उल्लासमय वातावरण में सम्पन्न हुआ । उल्लेखनीय है कि एक दिवसीय मांगलिक कार्यक्रम पंचम वर्ष प्रातः 8 बजे से गुरू महिमा पाठ से प्रारंभ होकर मध्यान सत्संगए प्रवचन के पश्चात सात्विक चौका आरती प्रसाद वितरण एवं सार्वजनिक भंडारा के साथ सम्पन्न हुआ। उक्त कार्यक्रम की सफलता के लिए समिति के अध्यक्ष अजय वर्मा, गोवर्धन प्रसाद जायसवाल, बोधन साहु, मनहरण साहू, दीना सिन्हा, अशोक यादव, विरेन्द्र सिन्हा, रविदास, शैलेन्द्र चौहान एवं राजु सोनी उपस्थित रहे।

### प्रोफेशनल मीट एवं प्रदर्शनी आज

केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर प्रोफेशनल मीट एवं प्रदर्शनी का आयोजन 12 जून को दोपहर 2 बजे अविश एडुकाम अग्रसेन चौक के पास किया गया। कार्यक्रम में दुर्ग जिले के डॉक्टर, इंजीनियर, चार्टर्ड अकाउंटेंट, अधिवक्ता, उद्योगपति, व्यापारी, व्यापार एसोसिएशन के सदस्य, चेम्बर ऑफ कॉमर्स के सदस्यग, समाज सेवी, शिक्षक, सामाजिक कार्यकर्ता, प्रबुद्धजन, समाज प्रमुख, भाजपा जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। इस प्रोफेशनल मीट एवं 11 साल बेमिसाल की प्रदर्शनी कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की गई है।

## लापरवाही : पिकनिक स्पॉट के नाम पर ठगड़ा बांध में 17 करोड़ रूपए दफन

# सत्रह करोड़ खर्च बाद भी बोटिंग का पता नहीं, पर्यटकों का भी मोहभंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

ठगडा बांध को प्रदेश का बेस्ट पिकनिक स्पाट बनाने के नाम पर दुर्ग शहरवासियों के साथ बडा मजाक हो गया है। ठगडा बांध में सत्रह करोड रूपए फूंकने के बाद भी यहां पिकनिक स्पाट की किंचित मात्र भी तस्वीर नही उभर रही है। पिकनिक स्पॉट से लेकर जैव विविधता पार्क और नौका विहार जैसी सुविधाएं यहां देने का दावा किया गया था। लेकिन वर्तमान में ठगडा बांध में एक भी बोटिंग संचालित नही है। बांध में जलभराव नही होने का हवाला देकर ठेका एंजेसी ने भी एग्रीमेंट का उल्लेघन कर काम छोड दिया है। जलस्तर बनाए रखने के लिए कोई प्रयास नही किए जाने के कारण यहां एक भी मछली तैरती नही दिख रही है।

ठंगडा बांध के सूखने से वर्तमान में पर्यटको का भी मोहभंग हो गया है। पूर्व की कांग्रेस सरकार द्वारा ठंगडा बांध को प्रदेश का नंबर वन पिकनिक स्पाट बनाने का दावा किया गया था। निगम के आंकडों के अनुसार यहां सत्रह करोड रूपए से अधिक की राशि फूंक दी गई। लेकिन वर्तमान में यहां सिर्फ और सिर्फ विरानी के आलावा कुछ भी नही हैं।

शहरवासियों को इस बात की उम्मीद थी कि, दुर्ग को भिलाई स्टील प्लांट के बाद ठंगडा बांध में पिकनिक स्पाट के नाम पर जाना जाएगा। लेकिन वर्तमान में यह बदनामी से कम प्रचारित नही हो रहा है। हालात यह है कि, बांध के गेट के सामने एक भी कर्मचारी नही है।

### करोड़ों रूपए खर्च के बाद छाई है विरानी, एजेंसी का भी पता नहीं




### बीस साल की लीज पर दिया गया

कांग्रेस सत्ता में बने ठंगडा बांध के संचालन के लिए एक निजी एंजेसी को बीस साल के लिए दिया गया था। लेकिन वर्तमान में एंजेसी का भी पता नही है। शुरूआत में यहां गेट के पास सुरक्षा कर्मी भी थे, लेकिन वर्तमान में एक भी कर्मी नही है। हालात यह हे कि, स्थिति खंडहर से कम नही हैं। यहां बच्चों के लिए मनोरंजन स्पाट भी बनाया गया था। लेकिन यह भी खंडहर होते दिख रही हैं। बांध की स्थिति को देखकर ऐसा लगता है कि, एंजेसी का भी संचालन से मोहभंग हो गया है।

### बीचों बीच बनना था रेस्टोरेंट

ठगडा बांध के बीचो बीच आईलैंड बनाया गया था, वही इसी जगह रेस्टोरेंट बनाने की भी प्लानिंग थी। लेकिन लोगों की यहां मौजूदगी नही दिखने के कारण ये सब बेकार साबित होने लगे है। बांध में किनारे में गेम जोन बनाया गया था, शुरूआत में बच्चों सहित परिवार पहुंच रहे थे, लेकिन वर्तमान में इसका रखरखाव नही होने से गेम जोन जल्द ही कबाड होने की स्थिति में है। यहीं नहीं बांध में सबसे बडी खूबी मरीज ड्राइव की तरह बोटिंग का प्लान था, लेकिन यहां वर्तमान में पानी नही होने के कारण बोटिंग को किनारे लगा दिया गया है।

### वर्तमान सरकार की भी रूचि नहीं

पिछले चार अक्टूबर 2023 को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इसका वर्चुअल लोकार्पण किया था। ठगड़ा बांध जब पिकनिक स्पॉट बना तो बड़ी संख्या में लोग यहां आने लगे थे। परिवार के साथ पर्यटक यहां क्वालिटी टाइम स्पेंड करते नजर भी आए थे। बीते कुछ सालों में ठगड़ा बांध की सुध शासन और प्रशासन ने नहीं ली, वही निगम में बैठी भाजपा की सरकार ने भी करोडों की इस योजना को लेकर गंभीरता नही दिखाई है। नतीजा ये हुआ कि, ठगड़ा बांध की सुंदरता अब कबाड़ में तब्दील होते जा रही है। कभी पर्यटकों की भीड़ से गुलजार रहने वाला ठगड़ा बांध आज सन्नाटे में गुम है।

### जलभराव को लेकर विवाद

ऐसी जानकारी मिली हैं कि, ठंगडा बांध को लेकर ठेका एंजेसी ने निगम से बांध भरने की मांग की थी, ताकि बोटिंग यहां हो सके। लेकिन नगरनिगम ने जल संसाधन से बांध को भरने रूचि नही दिखाई। गर्मी के दौरान यह बात भी समाने आई कि, बांध के पानी को कुछ लोग खाली करने भी जूटे रहे। बकायदा मोटर पंप भी लगाए गए थे। जिसकी जल संसाधन विभाग से शिकायत भी की गई थी। इस तरह खिंचतान के चलते जलभराव नही हो सका और शहरवासियों को सिर्फ मायूसी हाथ लगी है।

### मामूली राशि में दिया गया था ठेका

नगरनिगम द्वारा ठंगडा बांध में सत्रह करोड रूपए खर्च किया गया था। लेकिन इसे एमआईसी से पारित कराकर बेहद कम दर भी ठेका कंपनी को बीस साल के संचालन के लिए दिया गया था। जिसे लेकर उस दौरान भाजपा के पार्षदों ने जमकर विरोध किया था। सूत्रों ने बताया कि, सत्रह करोड खर्च करने के बाद इससे नगरनिगम को फूटी कौडी भी राजस्व नही मिला है। बांध बनने के बाद राजस्व बढाने भी निगम प्रशासन ने कोई प्रयास नही किया।

### समीक्षा करेंगे

ठगडा बांध की पहले समीक्षा की जाएगी। हमारी सत्ता को बैठे महज पांच माह ही हुए हैं। खैर हम पूरी तरह से गंभीर हैं। बारिश के बाद इस पर कार्ययोजना तैयार करेंगे। **-लीना दिनेश देवांगन,** प्रभारी जल विभाग नगरनिगम

### सत्तापक्ष गंभीर नहीं

कांग्रेस सरकार ने ठगड़ा बांध को एक खूबसूरत टूरिस्ट डेस्टिनेशन बनाने का सपना देखा और उसे साकार भी किया। लेकिन भाजपा सरकार के आने के बाद इस पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। वर्तमान में जो स्थिति है, उसका जिम्मेदार सत्तापक्ष है। **-संजय कोहिले,** नेता प्रतिपक्ष कांग्रेस

# शंकर नगर में 43 लाख की लागत से होगा नाला निर्माण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत वार्ड 10 शंकर नगर निर्माणधीन नाले का निरीक्षण करने महापौर अलका बाघमार पहुँची। उन्होने ठेकेदार को सक्त हिदायत देते हुए कहा कि, गुणवत्ता में किसी भी तरह का समझौता बर्दाश्त नही किया जाएगा। निर्धारित मापदंड के तहत निर्माण करने कहा है।

- महापौर ने कहा गुणवत्ता समझौता बर्दाश्त नहीं

महापौर अलका बाघमार द्वारा बाज़र एवं राजस्व प्रभारी व पार्षद शेखर चन्द्राकर एवं टीम सहित वार्ड नागरिको के साथ शंकर नगर सुभाष स्कूल के पीछे से लेकर गजानंद मंदिर चौक तक 43 लाख की लागत से निर्मित की जा रही है। जिसे लेकर नाला निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया। शंकर नगर क्षेत्र में बरसाती पानी की निकासी नही होने के कारण महापौर व राजस्व प्रभारी चन्द्राकर के निर्देश पर निर्मित नाला निर्माण का बहाव अन्य नाला की तरफ जोड़ा गया है। ताकि बारिश के बहते पानी का बहाव बेहतर हो सके। कार्य के दौरान गुणवत्ता एवं पानी के समुचित बहाव हेतु नाली के स्लोप मेंनटेन पर विशेष ध्यान देने कहा गया है। उन्होने ठेकेदार को निर्देश दिए कि निर्माण सामग्री एवं काम में लगी मशीनों के कारण सड़क पर आवागमन बाधित न हों, इस हेतु निर्माण सामग्री व मशीनों को सड़क के किनारे व्यवस्थित रूप से रखें।

### समयसीमा के अंदर हो निर्माण कार्य

इस समय उन्होने नाला निर्माण कार्य का सघन रूप से निरीक्षण करते हुए निर्माण कार्य के दौरान गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश देने के साथ ही कहा कि नाला निर्माण हो जाने के पश्चात पानी का बहाव निर्वाध रूप से हो, इस हेतु स्लोप मेंनटेन करते हुए कार्य को संपादित कराएं। निर्माण कार्य को तय सीमा के अंदर किये जाने के सख्त निर्देश दिए।

# नीता चौरसिया व विभा मिश्रा बनी सपोर्ट पर्सन



दुर्ग। राष्ट्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग सुप्रीम कोर्ट द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार एवं क्रियान्वयन के लिए दुर्ग जिले में सपोर्ट पर्सन का चयन योग्य एवं अनुभवी व्यक्ति एवं संस्था आवेदकों के साक्षात्कार व जिलाधीश के अनुमोदन के बाद जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग दुर्ग द्वारा वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता एवं विभिन्न संगठनों की प्रमुख भारत स्काउट एंड गाइड की पूर्व जिला संगठन आयुक्त भाजपा नेत्री नीता चौरसिया एवं वरिष्ठ एडवोकेट दुर्ग बार काउंसिल की सदस्य एडवोकेट विभा मिश्रा को पीड़ित एवं संकटग्रस्त जरूरतमंद बालकों को संरक्षण विधिक संरक्षण मनोवैज्ञानिक, यौन शोषण के शिकार बच्चों की सहायता के लिए सपोर्ट पर्सन सहायक व्यक्ति प्रोटेक्शन ऑफ़ चिल्ड्रन फ्रॉम सेक्सुअल हैरेसमेंट पास्को एक्ट अधिनियम धारा 39 के प्रावधान के तहत इन सदस्यों की नियुक्ति की गई है। संस्था की सचिव श्रीमती डॉ.निर्मला गुप्ता ने बताया यह सदस्य सपोर्ट पर्सन की भूमिका के रूप में यौन हिंसा के पीड़ित बच्चों को भावनात्मक मनोवैज्ञानिक और कानूनी सहायता प्रदान करेगा यह भूमिका बेहद संवेदनशील होगी। सपोर्ट पर्सन सुश्री नेता चौरसिया एवं श्रीमती एडवोकेट विभा मिश्रा को 3 वर्ष के लिए नियुक्त किए जाने पर दुर्ग जिले की विभिन्न सामाजिक संगठन धार्मिक संगठन राजनीतिक संगठनों द्वारा उन्हें बधाई दी गई है।

# भारत के समक्ष चुनौतियां पर व्याख्यान देंगे पुष्पेन्द्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

भारत विकास परिषद दुर्ग इकाई द्वारा 14 जून 2025 को सायं 5 बजे से रोमन पार्क में एक विशेष राष्ट्रचिंतन व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता देश के प्रख्यात राष्ट्रवादी चिंतक पुष्पेंद्र कुलश्रेष्ठ होगें। जो वर्तमान भारत के समक्ष चुनौतियाँ एवं समाधानः एक राष्ट्रवादी दृष्टिकोण विषय पर अपने विचार प्रस्तुत करेंगे।

भारत विकास परिषद दुर्ग ईकाई के पदाधिकारियों ने प्रेसवार्ता में बताया कि, पांच साल पहले पुष्पेन्द्र कुलश्रेष्ठ का कार्यक्रम दुर्ग के जलाराम में हुआ था, जिसके बाद वे दूसरी बार 14 जून को पुलगांव के रोमन पार्क कार्यक्रम में आएंगे। अध्यक्ष सुरेश कोठारी ने बताया कि, आज का भारत एक निर्णायक दौर से गुजर रहा है। एक ओर वैश्विक मंच पर भारत की प्रतिष्ठा और भूमिका में अभूतपूर्व वृद्धि हो रही है, वहीं दूसरी ओर देश के सामने आंतरिक सामाजिक, वैचारिक और सांस्कृतिक चुनौतियाँ भी उतनी ही गंभीर हैं। इन विषयों को लेकर सारगर्थिक व्याख्यान उनके द्वारा दिया जाएगा। सचिव तुलसी सोनी ने कहा कि, इन्हीं प्रश्नों पर एक संतुलित, तथ्यपूर्ण और राष्ट्रहित-आधारित विमर्श के उद्देश्य से भारत विकास परिषद दुर्ग इकाई यह व्याख्यान आयोजित कर रही है। इसका मुख्य उद्देश्य केवल जानकारी देना नहीं, बल्कि नवयुवकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, शिक्षकों, बुद्धिजीवियों और नीति निर्माताओं के बीच एक सक्रिय संवाद की शुरुआत करना है, जो भारत के भविष्य की दिशा तय करने में सहायक हो सके। ईकाई के कोषाध्यक्ष हर्ष जैन ने कहा श्री कुलश्रेष्ठ जी ने बीबीसी लंदन, सहारा समय, जी न्यूज़ जैसे प्रतिष्ठित मीडिया संस्थानों में वरिष्ठ पत्रकार के रूप में कार्य किया है। अब वे पूर्ण रूप से सामाजिक और वैचारिक जागरण को समर्पित हैं। उनके व्याख्यान युवा वर्ग में विशेष रूप से लोकप्रिय हैं, क्योंकि वे ऐतिहासिक तथ्यों, समसामयिक संदर्भों और विचारों को अत्यंत सहज लेकिन प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करते हैं। इस दौरान मीडिया प्रभारी लक्ष्मी वर्मा भी मौजूद रही।

- एक दिवसीय कार्यक्रम में आएंगे पांच साल बाद दुर्ग

# 21 दिवसीय खेल प्रशिक्षण शिविर का समापन

दुर्ग। खेलगांव खम्हरिया में जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा 21 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण शिविर में एथलेटिक्स एवं खो-खो खेल का प्रशिक्षण दिया गया। पीटीआई बालकदास डहरे (पीटीआई सेजस फरीदनगर भिलाई), बी. आर .साहू अंतर्राष्ट्रीय मास्टर एथलेटिक्स खिलाड़ी एवं कमलेश्वरी (बीपीएड) ने 21 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में खिलाड़ी बच्चों को प्रशिक्षण दिया।इस प्रशिक्षण शिविर में



खेलगांव खम्हरिया के अलावा पुरई, हनोदा, धनोरा, बोरसी के कुल 55 बालक बालिका खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। 21 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में समापन समारोह के मुख्य अतिथि सरपंच ग्राम पंचायत खम्हरिया एडवोकेट जिला न्यायालय दुर्ग दुलारी देशलहरा, अध्यक्षता पूर्व अध्यक्ष जनपद पंचायत चंद्रशेखर बंजारे , विशेष अतिथि उपसरपंच खम्हरिया टीकाराम साहू एवं पंच अनिकेत देशलहरे थे।अतिथियों ने प्रशिक्षण में भाग लिए खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र वितरण किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अंतरराष्ट्रीय मास्टर एथलेटिक्स देवघर ठाकुर, समाजसेवी उमेश वाजपेयी, संजय साहू, दुष्यंत कुमार साहू, मोना साहू का योगदान रहा। पूरे प्रशिक्षण शिविर में लोकनाथ साहू, बालकदास डहरे द्वारा गुड़ एवं चना की व्यवस्था खिलाड़ी बच्चों के लिए किया गया था। खेल एवं युवा कल्याण विभाग दुर्ग की ओर से खेल सामग्री भी प्रदान किया गया।

## डीएपी खाद की किल्लत को लेकर कांग्रेस ने भाजपा को घेरा

# धान खरीदी से बचने किसानों को बांट रहे एनपीके खाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग (ग्रामीण) जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर बुधवार को फुंडा व मर्रा सोसायटी का औचक निरीक्षण करने पहुंचे, जहां किसानों को खेती कार्य के लिए बांटे जा रहे खाद व बीज की जानकारी लिया गया।

- विकल्प के तौर पर दे रहे एनपीके खाद

कर्मचारियों ने जिलाध्यक्ष श्री ठाकुर को कहा अंतराष्ट्रीय बाजार में शॉर्टेज की वजह से किसानों को डीएपी खाद उपलब्ध नही करा पा रहे है।

राकेश ठाकुर ने कहा कि, डीएपी खाद के स्थान पर किसानों को एनपीके खाद पकड़ाया जा रहा है। वहीं अधिकतर सोसायटी में किसानों को बीज तक नही मिल पा रहा है तो कुछ सोसायटी में केवल सरना धान ही उपलब्ध है वो भी काफी देरी से सोसायटी तक पहुंचा। जिलाध्यक्ष श्री ठाकुर ने जब किसानों को बांटे जा रहे खाद देखा तो आश्चर्य में रह गए क्योकि जो खाद धान फसल के लिए बांटा जा रहा है वो खाद धान फसल के लिए है ही नही। श्री ठाकुर ने बताया कि, बांटे जा रहे खाद एनपीके में स्पष्ट रूप से लिखा है कि यह खाद गन्ना, लहसुन, प्याज, चाय, मूंगफली, सरसो, नारियल, तिल, सोयाबीन इत्यादि के लिए है, एनपीके खाद धान की खेती के लिए है ही नही। जिसे भाजपा सरकार किसानों को जबरदस्ती पकड़ा रही है। भाजपा चाहती है कि, किसानों की धान का पैदावार कम हो ताकि किसानों का धान 21 क्विंटल खरीदना न पड़े। निरीक्षण के दौरान युवा कांग्रेस जिला महासचिव अमृत सिंह राजपूत, वेदप्रकाश पाटिल, पालेश्वर ठाकुर, हितेश निर्मलकर सहित किसान मौजूद



### कहा यह खाद अन्य फसल के लिए

श्री ठाकुर ने कहा कि किसानों का धान का फसल कम पैदावार हो सोच कर भाजपा सरकार किसानो के साथ धोखा कर रहा है, पूरा षड्यंत्र 21 क्विंटल धान खरीदी से बचने के लिए है। जिलाध्यक्ष राकेश ठाकुर ने एनपीके खाद के बैग की तश्वीर भी जारी किया है, जिसमे उक्त खाद किसी अन्य फसल के लिए होना उल्लेख है।

### एनपीके खाद में डीएपी के अपेक्षा कम उत्पादन

काँग्रेस जिलाध्यक्ष एवं किसान नेता राकेश ठाकुर ने खाद से संबंधित जानकारी साझा करते हुवे कहा कि, धान की फसल को सबसे ज्यादा फास्फोरस की आवश्यकता होती है, चूंकि की किसानों का पसंदीदा खाद डीएपी है। जिसमें फास्फोरस की मात्रा 46 प्रतिशत होती थी, फास्फोरस की मात्रा सिर्फ 20 प्रतिशत है। किसानों को डीएपी खाद के स्थान पर एनपीके खाद बांटे जाने से किसानों को धान की पैदावार में 30 प्रतिशत तक कम पैदावार होगा, जो किसानों के लिए बहुत बड़ा नुकसान है।

## कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली आज

दुर्ग । जिला कांग्रेस कमेटी 12 जून को दुर्ग विधानसभा स्तरीय संविधान बचाओ रैली का आयोजन करेगी। इसकी तैयारियों को लेकर राजीव भवन में बैठक रखी गई। बैठक में आयोजन की रूपरेखा, जनजागरण अभियान और सभी मोर्चों की सहभागिता पर चर्चा की। पूर्व विधायक अरुण वोरा ने कहा कि हमारा संविधान 75 वर्षों से भारत के हर नागरिक के अधिकारों की रक्षा करता आया है। आज जब उस संविधान के मौलिक सिद्धांतों को ही मिटाने की कोशिश की जा रही है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता खत्म की जा रही है, संसद को कमजोर किया जा रहा है। आज हर जागरूक नागरिक का फर्ज है कि वो सड़कों पर उतरकर आवाज उठाए। यह रैली सिर्फ राजनीतिक नहीं, बल्कि लोकतंत्र और संविधान के प्रति हमारी प्रतिबद्धता की रैली है।

## खबर संक्षेप

### अवैध निर्माण रोकने की मांग

**भिलाई।** जोन क्रमांक 4 खुर्सीपार भिलाई के वार्ड 40 अंकुश चौक निवासी चंद्रशेखर तिवारी ने अपने मकान के दीवार किनारे निकासी नाली का अवैध निर्माण की शिकायत भिलाई निगम में की है। उनकी शिकायत है कि इससे उनके दीवार में सीपेज आ रही है और यह गिर सकता है। दीवार से सटाकर अबरार खान नामक व्यक्ति द्वारा मकान बनाया जा रहा है। इसके लिए मेरे दीवार को छील दिया गया है। इसलिए दुघर्टना की आशंका है। उन्होने निर्माण रोकने की मांग की है।

## निधन

### पारसनाथ सिंह



**भिलाई।** नेहरू नगर पश्चिम निवासी भिलाई इस्पात संयंत्र के भूतपूर्व प्रबंधक पारसनाथ सिंह उम्र 92 वर्ष का निधन 11 जून को हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 12 जून को सुबह 11.30 बजे उनके निवास स्थल ब्लॉक 64 ए/3 नेहरू नगर पश्चिम शिवा जी पार्क के पास से रामनगर मुक्तिधाम भिलाई के लिए निकलेगी। वे शेषनाथ सिंह एवं उमेश चंद्र सिंह के पिता थे। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

### निवेधा नीरल बनवासी



**दुर्ग।** बोरसी दुर्ग निवासी संतोष बनवासी की बड़ी पुत्री निवेधा नीरल बनवासी उम्र 15 वर्ष आकस्मिक निधन 10 जून को हो गया। उनका अंतिम संस्कार 11 जून को हरनाबांधा मुक्तिधाम में किया गया।

---

विभिन्न पंचायतों को करीब पांच साल पहले कर दिए गए ओडीएफ घोषित

# ओडीएफ का सच: लाखों खर्च करने के बाद भी सुलभ शौचालय जर्जर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

**दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत बिरेझर गांव का मामला**






दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों को करीब पांच साल पहले खुले में शौच से मुक्त यानी ओडीएफ घोषित कर लिया गया था। घरों में शौचालय के लिए सब्सिडी देने के साथ-साथ ही सामुदायिक तौर पर लोगों को शौचालय की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए पंचायतों में सामुदायिक शौचालय भी बनाये गये थे। दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत बिरेझर गांव का मामला है जो सार्वजनिक शौचालय पूरा जर्जर हो चुके हैं। इस ओर सरपंच, जनप्रतिनिधि को कोई ध्यान नहीं है।

अब कोई इसे देखने वाला नहीं है। बिरेझर गांव सहित अन्य गांव में बना सामुदायिक शौचालय बिना उपयोग के अनुपयोगी हो गए तो कई शौचालय सुविधा के अभाव में जीर्ण-क्षीर्ण अवस्था में है। कहीं गेट व सीट टूटा है तो कहीं सीट में कचरा भर गया है। ग्रामीणों के अनुसार शौचालय के उद्घाटन के बाद सामुदायिक शौचालय बनाने में दो से ढाई लाख तक खर्च आया होगा लेकिन इस तरह के पंचायत में करीब दर्जन भर शौचालय बने हैं, इनमें अधिकांश शौचालय अनुपयोगी हो गये हैं।

लाखों रुपये खर्च होने के बाद भी इसका लाभ लोगों को नहीं मिल पा रहा। जिनके ऊपर देखरेख की जिम्मेदारी मिली वह तो भूल ही गये। साथ ही जिन लोगों के लिए शौचालय बनाये गये थे, वह भी झांकने तक नहीं जाते और अच्छी तरह से देखरेख भी नही करते हैं जिसकी वजह से प्रखंड क्षेत्र के कई सार्वजनिक शौचालय देखरेख के अभाव में जर्जर होता चला जा रहा है। वहीं अधिकारियों का कहना है कि सामुदायिक शौचालय स्वच्छता विभाग से बनाई गई है, फिर भी दिखवाते हैं। अगर पंचायती राज में मरम्मत का कोई प्रावधान होगा तो षष्ठम वित्त आयोग से जर्जर शौचालयों की मरम्मत की जाएगी।

---

# बिजली बिल व बिजली गुल की समस्या को लेकर सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नपा जामुल में लगातार बिजली गुल, लो वोल्टेज एवं बढ़ते बिजली बिल के दामों को लेकर जनता में आक्रोश का माहौल है जिससे जामुलवासी बहुत परेशान है। वहीं परेशानी के कारण कांग्रेसी पार्षद दल ने जनता की समस्या को समझते हुए उसका निराकरण करने कोर कमेटी बनाकर पार्षद रामप्यारी वर्मा के नेतृत्व में बिजली विभाग के जेई को ज्ञापन सौंपकर नगरवासी की समस्याओं से अवगत कराया और जल्द निराकरण की मांग की। वहीं जामुल ही नहीं समूचे छत्तीसगढ़ में जनता बढ़े हुए बिजली बिल और लगातार लाइट गुल, लो वोल्टेज जैसे समस्याओं से जूझ रही है पर अब सरकार को जनता की तकलीफ समझना होगा और इसका निराकरण करना होगा, नही तो हम सब जनता के साथ मिलकर उनको सबक सीखायेंगे। जनता के पक्ष में जो सरकार नहीं सोच पा रही, व्यवस्थाओं को नहीं बना पाने वाले सरकार को तत्काल इस्तीफा देना चाहिए। वहीं कांग्रेसी पार्षद दल के कोर कमेटी के द्वारा जेई क़ो स्पष्ट शब्दों में कहा कि जल्द से जल्द 20 दिन के भीतर व्यवस्था को नही सुधारा गया तो जनता के साथ मिलकर बड़ा आंदोलन किया जाएगा। बिजली विभाग की समस्याओं और बढ़ते बिजली बिल के खिलाफ ज्ञापन सौंपने कांग्रेसी पार्षद के कोर कमेटी में नपा उपाध्यक्ष सुनीता चेंनेवार, सरोजनी चंद्राकर, रामप्यारी वर्मा, युवराज वैष्णव, लेखराम साहू, मीनू ताम्रकार, विकास यादव, विक्की साहू, श्री कांत साहू आदि उपस्थित थे।

■ समस्याओं का जल्द समाधान नही होने पर आंदोलन की दी चेतावनी

---

# शिक्षिका दीपमाला को मिला महान नारी शक्ति सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद



छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व मुख्यमंत्री की पत्नी कौशिल्या देवी साय के हाथों से शिक्षिका दीपमाला वैष्णव सम्मानित हुई। छत्तीसगढ़ उड़ान नई दिशा संस्था के तत्वावधान में मेरे भारत की बेटी सम्मान से दीपमाला वैष्णव शिक्षिका कोंडागांव को 8 जून को भिलाई नगर में छत्तीसगढ़ महान नारी शक्ति सम्मान से सम्मानित किया गया। वे फेकारी निवासी भगवताचार्य पंडित चेलादास वैष्णव की पुत्री है। उनके इस सम्मान पर ग्राम फेकारी के ग्रामवासी, पाटन के सभी वैष्णव समाज के लोगों ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दिया है।

---

# हमले के विरोध में मसीह समाज ने निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई




प्रदेश में धर्मातरण जैसे झूठे आरोप लगाकर मसीह समाज के लोगों पर लगातार हमला और तोड़फोड़ के विरोध में राष्ट्रीय क्रिश्चयन मोर्चा ने केंद्र सरकार और राज्य सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। राष्ट्रीय क्रिश्चयन मोर्चा ने हर जिलों में एक दिवसीय रैली निकालकर जिला कलेक्टरों को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौपा है। मोर्चा दुर्ग में भी रैली निकाल दुर्ग कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौपा गया है। इस दौरान मसीह समाज और अन्य संगठनों के लोग सैकड़ो की संख्या में रैली में हिस्सा लिया। प्रदर्शनकारी जय भीम पार्क से रैली निकालकर कलेक्ट्रोरेट दुर्ग पहुंचे। राष्ट्रीय क्रिश्चयन मोर्चा सदस्यों ने एसडीएम हितेश पिस्दा को प्रदेश में हो रहे मसीह समुदाय के ऊपर हो रहे अत्याचार को लेकर अपनी पीड़ा बताई।वही एसडीएम ने ज्ञापन में उचित कार्रवाई करने का आश्वासन भी दिया है। विरोध प्रदर्शन में प्रदेश संयोजक जनसंघर्ष मोर्चा एन प्रसाद राव, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ क्रिश्चयन फेलोशिप रेव्ह.राकेश प्रकाश,अध्यक्ष छत्तीसगढ़ मसीह विकास समिति पा चावाराम साहू, जिला अध्यक्ष राष्ट्रीय मुस्लिम मोर्चा दुर्ग सज्जात हुसैन,पास्टर लीडर्स केपिटल फेलोशिप,कैथेलिक क्रिश्चयन संस्था के प्रतिनिधियों ने विरोध में शामिल हुए।

■ एसडीएम को बताई अपनी समस्या

---

# रेलवे उपभोक्ता सलाहकार समिति में सुनी और शंकर बने सदस्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई





रेलवे द्वारा रेलवे उपभोक्ता सलाहकार समिति की सूची जारी की गई। पावर हाउस रेलवे स्टेशन के लिए उपभोक्ता सलाहकार समिति सूची में शंकर सचदेव और सुनील मिश्रा को सदस्य बनाया गया है। उनके अलावा शिरीष अग्रवाल, अंजन कुमार द्विवेदी एवं विष्णु चंद्राकर को भी शामिल किया गया है। सलाहकार समिति रेलवे को पावर हाउस रेलवे स्टेशन व रेलवे से जुड़े सुझाव व सलाह दे सकेगी। सुनील मिश्रा व शंकर सचदेव ने बताया कि बतौर सलाहकार समिति सदस्य हम सभी सदस्यों का प्रयास होगा कि शहर के रेल यात्रियों की सुविधाओ व समस्याओ को रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत कर निराकरण का प्रयास करना व स्टेशन में सुविधाओं पर अपने सुझाव प्रेषित करना व सुविधाओं को बढ़ाना। पावर हाउस रेलवे स्टेशन को मॉडल स्टेशन चयनित किया गया है, हम सभी सदस्यों की प्राथमिकता होगी कि रेल यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिल सके।

---

**बिजनेस साइट**

# ओम ज्वेलर्स को ग्राहकों का मिल रहा बेहतर प्रतिसाद




**भिलाई।** शहर के हृदय स्थल इंदिरा मार्केट प्रिया श्रृंगार सदन के सामने शॉप नंबर 64बी में स्थित ओम ज्वेलर्स दुर्ग अपने ग्राहकों के हितों के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है। जहां आपको मिलता है भारत सरकार द्वारा huid पास टोटल हॉलमार्क के गहनों का विशाल रेंज उपलब्ध है। जिसमें नये व पुराने ग्राहकों को 100 प्रतिशत संतुष्टी निश्चित होकर गहने खरीद सकते हैं। साथ ही गहनों मे टूट फुट की 2 साल की रिपेरिंग फ्री की सुविधा उपलब्ध है। मनपसंद कलात्मक ज़ेवर, ग्राहकों के रुपयों के अनुरूप कम कीमत से ज्यादा क़ीमत पर एक से एक नई नई डिजाइन उपलब्ध रहता है, दिवाली व शादी विवाह के सीजन को देखते हुए लाइट वेट से अधिकतम वेट की ज्वेलरी में सोने के नेकलेस, झुमका, बाली, एरिंग टॉप्स, रानी हार, चोकर.चांदी में पायल कमरबंद, बाजूबंद बिछिया, ऑल सोने चांदी की एक से बढ़कर एक वैरायटियों का नई-नई डिजाइन का विशाल रेंज उपलब्ध है। वहीं दूल्हे दुल्हन के लिए खास टूर बैग, इम्पोर्टेन्ट वॉच, जितना सोना उतना चांदी फ्री ग्राहकों की तत्काल गिफ्ट दिया जाता है। क़ीमत भी सबसे कम चीप दर पर गहने प्रदान किया जा रहा है और भी विशेषताएं प्रदान की जाती है। जैसे अपने पुराने सोने को नये जैसे बनाए वो भी बिना नुकसान के बिना वजन कम हुए तत्काल, पुराने सोने चांदी की 100 प्रतिशत मूल्यों के साथ वापसी, पुराने सोने-चांदी का तत्काल रिपेरिंग, मंगलसूत्र गुथायी 0 चार्जेबल पर, किसी भी गोल्ड के गहने पर 100 प्रतिशत वापसी, हमारी संस्थान में किसी भी प्रकार के गहने, जेवरों का पेमेंट घर से करने की सुविधा उपलब्ध, सभी प्रकार की चेक स्वीकार किए जाते हैं, आल एटीएम, डेबिट, क्रेडिट कार्ड स्वीकार किये जाते हैं, भारत सरकार द्वारा प्रमाणित 916.(22c )833(20c)750(18c )टोटल हॉलमार्क की गहने की भरपूर रेंज उपलब्ध, हर दस हजार की खरीदी पर चांदी की मूर्ति फ्री, हमारी संस्थान ग्राहकों को अच्छी क्वालिटी व गुणवत्ता की सुविधा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

---

# प्रशासन पूर्ण रूप से भ्रष्टाचार के मामले में लचर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा




धमधा में तहसील कार्यालय का भ्रष्टाचार थमने का नाम नहीं ले रहा है। आए दिन लेनदेन की शिकायतों के बाद भी प्रशासन ने इसे गंभीरता से नहीं लिया है। कार्यालय में हालत ऐसी है कि तहसीलदार छुट्टी के दिन भी अपने कार्यालय में पहुंचकर काम कर रहे हैं। धमधा निवासी अमित कुमार सोनी और उसके परिवार की जमीन के मामले में अब तक जांच पूरी नहीं हो पाई है। वर्तमान में यह मामला अपर न्यायालय में लंबित है। बावजूद धमधा तहसीलदार ने इस प्रकरण को अपने कार्यालय में पुनःविलोपन कहकर संचालित किया। अमित कुमार सोनी को स्टे लगाने या हटाने जैसी गुमराह करने की बात कही। वहीं अमित कुमार सोनी ने इस मामले में तहसीलदार से बात करना चाहे तो उन्हें उनके प्रकरण की स्पष्ट जानकारी नहीं दी। इस मामले में लेनदेन की भी डिमांड हुई। इस मामले में अमित सोनी ने मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का भी आरोप लगाया है। पीड़ित परिवार का कहना है कि आम इंसान को अगर अपने ही वैध कार्य के लिए इस प्रकार फंसाया जाएगा तो इंसानियत तार तार हो जाएगी। वहीं इस मामले की शिकायत दुर्ग कलेक्टर से करने की बात कर रहे हैं। और प्रशासन से मांग कर रहे है कि ऐसे अधिकारी जो न्यायालय के आदेश की अवहेलना करते हुए न्यायालय के लंबित प्रकरण को ऐसे छेड़खानी करते है इनके विरुद्ध निलंबन अथवा बर्खास्तगी जैसी कड़ी कार्यवाही करे।

■ धमधा के प्रार्थी अमित सोनी से मांगे स्टे हटाने या नहीं लगाने के 1 लाख रुपए

### कैंसर पीड़ित किसान अशोक देवांगन को मिला न्याय

तहसील कार्यालय से जुड़ा बड़ा मामला जिसमें कैंसर पीड़ित किसान अशोक देवांगन से तहसीलदार के कर्मचारी द्वारा तहसीलदार के लिए महज 1.5 डिसमिल जमीन के प्रमाणीकरण के लिए 30000 की मांग की थी, जिसमें उच्च अधिकारी के निर्देश पर देर रात जमीन का प्रमाणीकरण कर दिया। जिससे हम दोनों में एक बात तो साफ हो गई की कैंसर पीड़ित को भी कमीशन खोरी से वंचित नहीं किया गया और तहसील कार्यालय में भ्रष्टाचार व्याप्त है।

### कैसे बचते हैं तहसीलदार

तहसील कार्यालय में लेनदेन की प्रक्रिया बड़े ही साफ तरीके से की जाती है जिस पर प्राथियों को कभी भी तहसीलदार से डायरेक्ट बात नहीं कराई जाती तहसीलदार द्वारा एवं कार्यालय के कर्मचारियों द्वारा लेने देन की बात को प्रार्थियों से साझा किया जाता है और अंत में तहसीलदार के समक्ष उसे खड़ा करके उसका काम करवाया जाता है। इस पूरे लेन देन की गतिविधि में जब तक प्रार्थियों के द्वारा पैसा नहीं दिया जाता तब तक उनका कार्य नहीं किया जाता। यही एक वजह बन जाती है कि आम आदमी अपने कार्य को करने के लिए ऐसे कर्मचारियों और बिचौलियों के चंगुल में फंसता है।

---

# बीडीएस परीक्षा में आरसीडीएसआर का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**भिलाई।** रुंगटा कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड रिसर्च जो कि एनएएसी 'ए' ग्रेड से मान्यता प्राप्त एक अग्रणी संस्थान है, ने एक बार फिर शैक्षणिक उत्कृष्टता का परचम लहराया है। आयुष हेल्थ यूनिवर्सिटी के अंतर्गत आयोजित बीडीएस तृतीय वर्ष की विश्वविद्यालय परीक्षा के घोषित परिणामों में विश्वविद्यालय की टॉप 10 रैंक में से 13 स्थान आरसीडीएसआर के छात्रों ने प्राप्त किए हैं। यह संस्थान की कठोर शैक्षणिक गुणवत्ता और समर्पण का प्रमाण है। आरसीडीएसआर लगातार उत्कृष्टता में अग्रणी रहा है और हाल ही में इंडिया टुडे द्वारा मध्य भारत का नंबर 1 डेंटल कॉलेज घोषित किया गया है। कॉलेज में नवीनतम उपकरणों से सुसज्जित अत्याधुनिक प्रयोगशालाएं और अनुभवी एवं प्रशिक्षित संकाय सदस्यों की टीम मौजूद है जो छात्रों को उच्चस्तरीय शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। मेरिट में खुशी सिंह और नम्रता जैन पहले स्थान पर, अंशिका और स्नेहा दूसरे स्थान पर, युक्ता तीसरे स्थान पर, अमूल्या और शिवांगी चौथे स्थान पर, रितिका पांचवें स्थान पर, विदिता अग्रवाल छठे स्थान पर, वर्तिका और वाई गौरव आठवें स्थान पर, ममता जांगड़े नौवें, पियू गोराई दसवें स्थान पर रहीं। इस अद्भुत उपलब्धि पर रुंगटा समूह के चेयरमेन संजय रूंगटा ने छात्रों और शिक्षकों को आशीर्वाद देते हुए उनकी कड़ी मेहनत की सराहना की। वहीं कॉलेज के डीन, डॉ. कार्तिक कृष्णा ने भी छात्रों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें इसी तरह उत्कृष्टता की राह पर आगे बढ़ते रहने के लिए प्रेरित किया। यह उपलब्धि आरसीडीएसआर की इस प्रतिबद्धता को दर्शाती है कि वह भारत में डेंटल शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में सर्वोत्तम मानकों को स्थापित कर रहा है।

---

# पाटन थाना में एसडीओपी के पद में सेवा दे चुके शहीद आकाश राव को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन





नक्सलियों द्वारा लगाए गए आईईडी ब्लास्ट में आने से कोंटा के एसएसपी आकाश राव गिरपुंजे शहीद हो गए, बता दें कि शहीद गिरपुंजे पाटन में एसडीओपी के रूप में सेवा दे चुके हैं। पाटन की जनता आज भी उनके कार्यकाल को याद करते हैं ।

इसी परिपेक्ष में पाटन नगर द्वारा आत्मानंद चौक में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। शहीद के श्रीचित्र में पुष्प अर्पित कर, दीप जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। जिसमें नगर पंचायत पाटन अध्यक्ष योगेश निक्की भाले, नगर पंचायत सीएमओ हेमंत कुमार वर्मा, इंजीनियर अर्जुन निर्मल, पाटन थाना टीआई अनिल कुमार साहू, सब इंस्पेक्टर चितराम ठाकुर, महिला आरक्षक राजेश्वरी पिंकी मस्तावर, प्रधान आरक्षक हरीश चौधरी, प्रधान आरक्षक ठाकुर राम यादव, प्रधान आरक्षक लोकेश लहरी, हुमन साहू आदि पुलिस विभाग के आरक्षक सहित नगर पंचायत पाटन उपाध्यक्ष निशा सोनी, पार्षद जीतू निर्मलकर, पार्षद जयप्रकाश देवांगन, पार्षद अन्नपूर्णा पटेल, पार्षद नेहा बाबा वर्मा, बाबा वर्मा, आदित्य सावर्णी, नारायण पटेल, मिलन देवांगन, पूर्व पार्षद राज देवांगन, सागर सोनी, योगेश सोनी, रोहित देवांगन, पार्षद केवल देवांगन, देवेंद्र ठाकुर आदि पाटन नगर एवं नगर पंचायत के सभी कर्मचारी एवं पत्रकार गण उपस्थित थे।

---

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल**
**कोहका, तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.)**

## सूचना पत्र

क्रमांक..... रा. नि. 2025,
कोहका, दिनांकः 10/06/2025

प्रति,
आवेदक-श्रीमती कमला खण्डेलवाल, प्रदीप खण्डेलवाल, सतीश खण्डेलवाल, संजय खण्डेलवाल, श्याम खण्डेलवाल, श्रीमती नीलम खण्डेलवाल, श्रीमती अनिता खण्डेलवाल निवासी सुपेला भिलाई विरुद्ध संजय खण्डेलवाल पिता स्व. हजारीलाल खण्डेलवाल निवासी : कमला मेडिकल स्टोर सुपेला मार्केट भिलाई

विषय :- नक्शा बटांकन, सीमांकन/स्थल जांच के संबंध में सूचना बाबत।

ग्राम कुरुद प.ह.नं. 46 रा.नि.मं. कोहका, तहसील व जिला-दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 1487/2, 1635/6 रकबा 0.4900 हे. का नक्शा बटांकन, सीमांकन/स्थल जांच हेतु न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर / अधीक्षक भू-अभिलेख/सिविल न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर / अधीक्षक भू-अभिलेख शाखा दुर्ग के ज्ञापन क्रमांक दिनांक 09/03/2025 के परिपालन में दिनांक 17/06/2025 को समय 11 से 5 बजे के बीच में नक्शा बटांकन, सीमांकन/स्थल जांच किया जाना है। अतः आप सभी हितबद्ध पक्षकार अपने दस्तावेज सहित नियत तिथि एवं समय में उपस्थित होवे, बादकी आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

राजस्व निरीक्षक
कोहका

---

**अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) दुर्ग, जिला दुर्ग**
रा.प्र.क्र./ ऑन लाईन रजिस्ट्रेशन नम्बर
202506100400026/अ-2/2024-25
पक्षकार का नाम सुनेश्वरी राठौर

## उद्घोषणा पत्र

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका सुनेश्वरी राठौर आ./पति मानिक लाल राठौर निवासी- रिसाली द्वारा नीचे अनुसूची गें दर्शित भूगि को उसके साग्गुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2) (5) के तहत आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन है ।

**अनुसूची**

ग्राम / प.ह.नं. जहां आवेदित भूमि स्थित है-ग्राम रिसाली प.ह. नं. 49 तहसील व जिला दुर्ग, खसरा नम्बर-257/178, रकबा (क्षेत्रफल) 0.010 हेक्टेयर, 1500 वर्गफीट, प्रयोजन-आवासीय प्रयोजन अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे इस उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति दावा स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दो प्रतियों में प्रस्तुत कर सकते है। नियत कालावधि के बाद प्राप्त आपत्ति- दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 04 जून 2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
दुर्ग, जिला दुर्ग

# टाउनशिप में डेंगू, मलेरिया व डायरिया रोकने के लिए बनी कार्ययोजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीएसपी टाउनशिप क्षेत्र में जलजनित बिमारी को लेकर निगम आयुक्त राजीव कुमार पांडेय द्वारा आयुक्त कक्ष में बैठक ली गई। जिसमें जलजनित एवं मौसमी बिमारी को लेकर जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज दानी, जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. सी.बी.एस. बंजारे एवं बीएसपी के अधिकारियों को निगम के टाउनशिप क्षेत्र में आगामी वर्षा ऋतु को देखते हुए अग्रिम तैयारी कराए जाने, बैक लाइन की सफाई, पुराने एवं जर्जर भवनों में जल भराव के समस्याओं को दूर करने के संबंध में निर्देश दिए । जिससे वर्षा का पानी भराव एवं बैकलाइन के अस्वच्छता से डायरिया, मलेरिया, डेंगू एवं अन्य जलजनित बीमारियों से बचा जा सकें।

आयुक्त पाण्डेय के निर्देश पर वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक के. के. सिंह द्वारा अपने दल के साथ वार्ड 32 बैकुंठधाम, कुम्हारपारा में जल जनित रोग दस्त, उल्टी-दस्त से बचाव के लिए निगम का विशेष दस्ता 42 घरों में संपर्क कर 194 सदस्यों से आवश्यक पूछताछ की। वर्तमान में दस्त-उल्टी-दस्त के केस नहीं पाए गए। सभी सर्वेक्षित घरों में पानी उबालकर, ठंडा कर सेवन करने एवं बाजार के अस्वास्थ्यकर बासी एवं सड़े गले फल सब्जी का सेवन नहीं करने संबंधी स्वास्थ्य शिक्षा दी गई। सभी सर्वेक्षित 42 घरों में जल शुद्धिकरण हेतु 500 नग क्लोरीन टेबलेट वितरण कार्य किया गया।

## बीएसपी, निगम व जिला स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त बैठक

### बीएसपी कराएगा 120 स्वच्छता कर्मी

भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा डेंगू की रोकथाम हेतु घर-घर सर्वे किए जाने हेतु जन जागरूकता लाने 120 स्वच्छता कर्मचारी उपलब्ध कराने जिसका भुगतान भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा किया जावेगा। भुगतान श्रम आयुक्त के दर पर बीएसपी द्वारा किया जाएगा। भिलाई इस्पात संयंत्र की मकानों के बैकलेन की साफ-सफाई, कचरा कलेक्शन हेतु वाहन एवं अन्य संसाधन भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा किया जाएगा। साथ ही बीएसपी के पुराने बिल्डिंग जहां पर जल भराव की स्थिति निर्मित हो रही है, उसको तोड़ने की कार्यवाही के लिए आयुक्त से मांग की गई है। जिससे छत पर जलभराव से जलजनित बीमारी फैलने की ज्यादा संभावना बनी हुई है। उसको रोकने के सुगम उपाय किया जावे।




### ये अधिकारी हुए शामिल

समीक्षा बैठक के दौरान बीएसपी महाप्रबंधक के. के. यादव, वरिष्ठ प्रबंधक रमेश गुप्ता, सहायक प्रबंधक देवानंद चौहान, जोन आयुक्त कुलदीप गुप्ता, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, जोन सहायक स्वास्थ्य अधिकारी व्ही. के. सामुएल उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### जेएलएन हास्पिटल में रक्तदान शिविर 13 और 14 को

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं विभाग के जेएलएन चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र के ब्लड सेंटर द्वारा विश्व रक्तदाता दिवस पर 13 और 14 जून को दो दिवसीय जागरूकता एवं शैक्षणिक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। दिनांक 13 जून चिकित्सालय के ब्लड सेंटर में रक्तदान शिविर व 14 जून को ब्लड ट्रांसफ्यूजन अपडेट शीर्षक पर आधारित एक सतत चिकित्सीय शिक्षा कार्यक्रम (सी एस ई) आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में कार्यपालक निदेशक रविंद्रनाथ एम,मुख्य चिकित्सा अधिकारी डां. कौशलेंद्र ठाकुर, डां. विनीता द्विवेदी, डां. उदय कुमार डां. सौरव मुखर्जी ड. मनीषा कांगो, एसीएमओ एवं प्रभारी, ब्लड सेंटर ड. निली एस कुजुर, कंसल्टेंट राजू भैसारे, गुरमीत सिंह, डां.प्रिया साहू, कंसल्टेंट डां. प्रतीक शिवप्पा तथा कंसल्टेंट व डां. दीपक दाशमोहापत्र उपस्थित रहेंगे। सीएसई कार्यक्रम में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान–एम्स गुवाहाटी से डां. गोपाल कृष्ण राय व बाल्को मेडिकल सेंटर, रायपुर से डां. नीलेश जैन व्याख्यान देंगे।

## रेल मंत्री और डीआरएम से सुविधाएं बहाल किए जाने की मांग

# पावरहाउस स्टेशन में दो रिजर्वेशन काउंटर बंद होने से यात्रियों को हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

पावर हाउस रेलवे स्टेशन में रेलवे द्वारा पुनर्विकास के दौरान कुछ सुविधाओं को बंद किए जाने से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खासकर टउनशिप की ओर प्लेटफार्म 3 और 4 की तरफ से आने वाले सीनियर सिटीजन और दिव्यांग मुसाफिरों को प्लेटफार्म 1 व टिकट आरक्षण काउंटर में आने के दौरान दिक्कतों से जूझना पड़ रहा है। इस मामले में कांग्रेसजनों ने रेल मंत्री और डीआरएम को पत्र भेजकर राहत प्रदान करने की मांग की है।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री की देश के 750 स्टेशनों को मांडल बनाने की योजना के तहत यहां पावर हाउस स्टेशन का पुनर्विकास कार्य जारी है। इस स्टेशन के पुनरुद्धार से शहर के लोग वर्षों से हाल्टिंग सेंटर के रुप में उपेक्षित इस स्टेशन में सहूलियतें बढ़ने की उम्मीद से खुश हैं। लेकिन निर्माण कार्य के दौरान पहले से उपलब्ध कुछ जरुरी सुविधाओं को बंद कर दिए जाने से इस स्टेशन से यात्रा करने वाले शहर और आसपास के लोगों को भारी परेशानी हो रही है। छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र ताम्रकार ने रेल मंत्री और डीआरएम व संबंधित अधिकारियों को पत्र भेजकर बताया कि पावर हाउस स्टेशन में डिजीटर सेवा के नाम पर दो टिकट आरक्षण काउंटर, रैंप और एक गेट को बंद कर दिया गया है। यात्रियों की परेशानी को देखते हुए इन पूर्व की सुविधाओं को बहाल कराया जाए। पावर हाउस स्टेशन में करोड़ों की लागत से पुनर्निर्माण किया जा रहा है लेकिन यहां पूर्व से चल रहे तीन में से दो रिजर्वेशन टिकट काउंटर 5 व 6 को 15 मार्च से बंद कर देने से यात्रियों की दिक्कतें बढ़ गई हैं। एक का काउंटर पर टिकट व एटीएम आनलाइन टिकट दिया जा रहा है। इससे लंबी लाइनें लग रही हैं । दोनों रिजर्वेशन काउंटर को जल्द शुरु किए जाने की मांग की गई है। इसके अलावा स्टेशन में ओवरब्रिज साइड में एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म में शारीरिक रुप से कमजोर यात्रियों को व्हीलचेयर पर लाने ले जाने के लिए ट्रैक पर से रैंप बनाया गया था। स्टेशन के पुननिर्माण के दौरान रेलवे द्वारा रैंप को भी बंद कर देने से बुजुर्ग, बीमार और दिव्यांग मुसाफिरों को लाने ले जाने में भारी दिक्कतें हो रही हैं। रैंप उखाड़ देने से परिजनों व कुलियों को व्हीलचेयर को रेलवे लाइन पर उठाकर ले जाना पड़ रहा है। रैंप सुविधा को जल्द बहाल किए जाने की मांग की गई है।

### रैंप टूटने से दिव्यांग परेशान



### स्टेशन में एक ही मेन गेट से दिक्कतें

पावरहाउस स्टेशन के अंदर आवाजाही के लिए रेलेवे द्वारा एक ही मेन गेट का निर्माण किया गया है। जबकि पूर्व में यहां दो गेट थे। अन्य स्टेशनों में दो गेट हैं। श्री ताम्रकार ने बताया कि सामान्य दिनों के साथ आग लगने या दुर्घटना आदि आपातकाल की स्थिति में दूसरा गेट नहीं होने से विकट समस्या उत्पन्न हो जाएगी। वहीं एक गेट होने से सामान्य यात्रियों के साथ वृद्ध,दिव्यांग और अस्वस्थ मुसाफिरों को भी एक गेट से आवाजाही करने से परेशानी हो रही है। समस्या को देखते हुए यहां दूसरा गेट निर्माण करने या छोटा रिवाल्विंग गेट बनाए जाने की मांग की गई है। पूर्व में यहां फुटओवर ब्रिज के निकट गेट था, जिसे बंद कर दिया गया है जीई रोड तक सड़क भी बनी हुई है। अब यात्रियों को घूमकर आना पड रहा है।

# पेयजल आपूर्ति वाले पाइपों पर भी नजर रखें: सीएमओ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर पालिका परिषद जामुल में सीएमओ सीमा बक्शी ने बारिश के पहले क्षेत्र में सफाई कार्यो को गंभीरता से लिया है। इसे लेकर पालिका क्षेत्र में विशेष सफाई जारी है। यहां के बड़े नालो, मुख्य निकासी नालियो को अतिरिक्त सफाई कर्मी लगाकर पूर्ण रूप से साफ किया जा रहा है। बुधवार की सुबह सीएमओ सीमा बक्शी ने वार्ड 2 के निचली बस्तियो में चल रहे सफाई कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान श्रीमती बक्शी ने सफाई सुपरवाईजरो को निर्देशित किया कि क्षेत्र के सभी वार्डो में पूर्ण रूप से सफाई हो। नाली जाम या जल भराव की स्थिति नहीं आनी चाहिए। अन्यथा ऐसी स्थिति में जल जनित्र कई बीमारियां होने की संभावन होती है। बचाव के लिए अनिवार्य रूप से मैलाथियान या अन्य आवश्यक दवाईयो का छिड़काव भी करे। सीएमओ ने बताया कि पंप हाऊस हैण्ड पंप है उसके आस पास ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव करे। नालियो से कचड़ा निकालने के बाद उसे शीघ्र ही उठावे। बरसात का मौसम आने वाला है इसलिए सफाई कार्य, पेयजल पर विशेष ध्यान देवे। निरीक्षण के दौरान सफाई सुपरवाईजर बशीर खान, रमेश मारकण्डेय, दयालु जंघेल मौजूद थे।

■ जामुल पालिका क्षेत्र के किया निरीक्षण

### पानी का परीक्षण लगातार करें

सीएमओ सीमा बक्शी ने कहा कि पानी प्रदूषित न हो इसके लिए पानी का परीक्षण लगातार कराए। रिपोर्ट के अनुसार क्लोरिन एलम एवं अन्य दवाई की व्यवस्था पहले से करके रखे। बरसात के मौसम में पानी के गुणवत्ता, स्वरूप में परिवर्तन संभावित होता है। जिससे स्वास्थ्य पर भी प्रभाव पड़ता है। इससे बचाव के लिए नियमित रूप से निगरानी करे। सभी फील्ड सुपरवाईजर सफाई के साथ पेयजल आपूर्ति वाले पाइपो पर भी नजर रखे। जिस पर किसी भी प्रकार का कचड़ा डम्प न हो।

# चेयरमैन ट्रॉफी फॉर यंग मैनेजर्स में भिलाई संयंत्र प्रथम उपविजेता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सेल के प्रबंधन प्रशिक्षण संस्थान (एमटीआई) रांची में आयोजित अंतर-संयंत्र प्रतियोगिता चेयरमैन ट्रॉफी फॉर यंग मैनेजर्स (सीटीवाईएम) में भिलाई इस्पात संयंत्र (बीएसपी) की युवा प्रबंधकों की टीम ने प्रथम उपविजेता का सम्मान प्राप्त किया है।

सेल में सुरक्षा संस्कृति का रूपांतरण - आगे की राह विषय केंद्रित प्रतियोगिता में बीएसपी टीम ने शोधपत्र प्रस्तुत किया था। बीएसपी की टीम में उप महाप्रबंधक स्वाति प्रदीप, अविनाश दुबे तथा सहायक प्रबंधक स्टीविन जॉर्ज शामिल थे। प्रतियोगिता में सेल की विभिन्न एकीकृत इस्पात संयंत्रों और उत्पादन इकाइयों के युवा अधिकारियों ने भाग लिया। प्रथम स्थान बोकारो इस्पात संयंत्र व द्वितीय उपविजेता इस्को इस्पात संयंत्र की टीम रही।

# टाउनशिप में आम और जामुन तोड़ने हरे-भरे पेड़ों को पहुंचा रहे हैं नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीएसपी टाउनशिप अपने शांत और नीट एंड क्लीन माहौल के साथ चारों ओर फैली हरियाली के लिए भी जानी जाती है। लाखों की संख्या में सघन छायादार और फलदार पेड़ पर्यावरण से भी लोगों को सुकून दे रहे हैं। लेकिन इन दिनों पटरीपार के सीजनल धंधा करने वालों के लिए अतिरिक्त आय का जरिया बने यहां के मौसमी फलों के पेड़ों की पर्यावरण सुरक्षा को लेकर लोगों की चिंता का विषय बने हुए हैं। सड़कों के किनारे पब्लिक प्लेस और नर्सरी आदि में लगे कई आम और जामुन के पेड़ों को कई लोग फल बेचने के लिए क्षति पहुंचा रहे हैं। टाउनशिप के विभिन्न सेक्टरों में हजारों आम और जामुन के पेड़ लगे हैं। कई पेड़ रहवासियों के घरों के बाहर सड़कों दफ्तरों, मैदानों और नर्सरी आदि में भी हैं। पिछले हफ्ते दस दिन से गांवों और पटरीपार के कुछ सीजनल लोग जामुन और आम बेचने के लिए इन फलों को तोड़ने सक्रिय हैं। सेक्टर 6, सेक्टर 8, 3 और सेक्टर 7 व मड़ौदा सेक्टर व उतई रोड पेट्रोल पंप पीछे आदि में रोज सुबह से दोपहर तक लोग पेड़ों पर चढ़कर बड़ी मात्रा में आम व जामुन तोड़ने के साथ पेड़ों को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं। क्षेत्रवासियों ने बताया कि कई पेशेवर लोग 8-10 के ग्रुपों में सायकल दोपहिया के साथ डिलेवरी आटो में बांस, कुल्हाड़ी, तिरपाल से लैस होते हैं। ऊंची डालियों तक नहीं पहुंच पाने से फलदार डालियों को भी काट दे रहे हैं। रोज पचासों सैकड़ों किलो कच्चे व पके आम तथा जामुन तोड़ कर बेच रहे हैं। रहवासियों के मना करने पर विवाद भी करते हैं। पर्यावरण प्रेमियों ने बताया कि अपनी रोजीरोटी के लिए लोग जामुन व आम आदि तोड़े लेकिन हरेभरे पेडों को क्षति न पहुंचाएं। बीएसपी के उद्यान विभाग को इस ओर ध्यान दिए जाने की जरुरत है।

■ समूहों में सक्रिय हैं मौसमी फल बेचने वाले, फलदार डालियों को तोड़ रहे



### निगम में कमीशनखोरी खत्म, हल्लेबाजों को विधायक देवेंद्र दे रहे समर्थन: अरोरा

**भिलाई।** भाजपा नेता व पूर्व सभापति राजेन्द्र अरोरा ने कांग्रेस पार्षदों के अनिश्चितकालीन धरना पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि 14 से 18 प्रतिशत कमीशन लेने का आदि हो चुके कांग्रेस के नेताओं को नगर निगम कार्यप्रणाली पसन्द नहीं आ रही है। कांग्रेस के शासनकाल में एकल पद्धति भ्रष्टाचार चलाने वाले विधायक ,पूर्व महापौर देवेन्द्र यादव के मुंह से ईमानदारी की बात अच्छी नहीं लगती। 2018 के बाद कांग्रेस की शासनकाल के दौरान पूरे 5 साल नगर निगम में व्याप्त गड़बड़ी और अनियमितता चरम सीमा पर थी। खुले तौर पर 14 से 18 प्रतिशत कमीशन ठेकेदारों से वसूला जा रहा था। नगर निगम की सम्पत्तियों को बेचकर अवैध उगाई की गई। काग्रेस की शासनकाल में आम जनता की सुनवाई नही थी, भाजपा की सरकार बनने के बाद ही नगर निगम की प्रशासनिक व्यवस्था दुरुस्त हुई है। निगम की व्यवस्था सुधरने के बाद कमीशनबाजों को निगम के काम-काज से परेशानी हो रही है। जिसके कारण लोग हल्ला मचा रहें है और हल्लाबाजों को विधायक समर्थन दे रहे हैं।

■ कांग्रेस पार्षदों के धरने पर पूर्व सभापति राजेन्द अरोरा का आरोप

## अभा हड़ताल व लेबर कोड केंद्रित कार्यक्रम में बोले सीटू महासचिव तपन सेन

# कॉरपोरेट्स की तानाशाही है श्रम संहिताएं, मजदूरों को नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

हिंदुस्तान स्टील एम्प्लॉइज़ यूनियन, भिलाई (सीटू) द्वारा आयोजित चारों श्रम संहिताओं का कर्मियों पर प्रभाव और 9 जुलाई की हड़ताल के महत्व पर कार्यक्रम में बोलते हुए सीटू के राष्ट्रीय महासचिव तपन सेन ने कहा है कि चार श्रम संहिताएं कॉरपोरेट घरानों की सामूहिक तानाशाही थोपने का माध्यम है। केंद्र सरकार द्वारा अन्य 25 कानूनों के साथ 2021 की मानसून सत्र में आनन फानन में 2 दिनों में पारित करवाए गए 3 श्रम संहिताएं और 2020 की शीत सत्र में पारित करवाया गया वेतन संहिता वास्तव में उद्योगों में कॉर्पोरेट घरानों की सामूहिक तानाशाही थोपने की प्रक्रिया से मजदूर वर्ग के हितों पर कुठाराघात होगा।



सीटू कार्यालय भिलाई में आयोजित कार्यक्रम में श्री सेन ने कहा कि भाजपा राज्यों के साथ गैर भाजपाई राज्यों कर्नाटक , तमिलनाडू, तेलंगाना आंध्र प्रदेश की सरकारों ने इन श्रम संहिताओं के श्रमिक विरोधी प्रावधानों को नोटिफाई करना शुरू कर दिया है। कर्नाटक राज्य सरकार द्वारा 12 घंटे का कार्य दिवस एवं महिलाओं को रात्रि पाली में कार्य करने की नियोक्ताओं को अनुमति देने से संबंधित अधिसूचना जारी करने के बाद 1200 उद्योगों के कर्मचारियों ने हड़ताल कर दी थी जिसके परिणाम स्वरूप वहां के उद्योगपतियों ने लिखित में कर्मियों के यूनियनों के साथ यह समझौता किया कि भले ही सरकार ने नोटिफाई कर दिया है । लेकिन हम इसे लागू नहीं करेंगे। तमिलनाडू सरकार द्वारा स्थाई आदेश में संशोधन कर स्थाई कर्मियों के स्थान पर अप्रेंटिस की नियुक्ति करने के प्रावधान की अधिसूचना जारी कर दिया है। आंध्र प्रदेश व तेलंगाना की सरकारों ने भी 12 घंटे का कार्य दिवस से संबंधित अधिसूचना जारी कर दी है, जिसके खिलाफ वहां के कर्मी संघर्ष कर रहे हैं।

### छग में जल्द नोटिफाई हो सकते हैं लेबर कोड

इस अवसर पर सीटू के छग राज्य कार्यकारी अध्यक्ष एसपी डे ने कहा कि 25 जून 2021 को छत्तीसगढ़ में तत्कालीन कांग्रेस की राज्य सरकार द्वारा चारों श्रम संहिताओं से संबंधित नियम प्री पब्लिश कर दिया गया है । वर्तमान राज्य सरकार द्वारा किसी भी समय इसे अधिसूचित किया जा सकता है। सीटू नेता ने कहा कि कमर्शियल माईनिंग सफल नहीं होने के कारण अब सरकार एमडीओ मॉडल के तहत राष्ट्रीय हितों को ताक पर रख कर कॉर्पोरेट घरानों को प्राकृतिक संसाधनों पर अपना कब्जा करने की छूट दे रही है। एमडीओ मॉडल में सार्वजनिक उपक्रमों द्वारा तैयार किया हुआ माइंस को मुफ्त में देकर अकूत मुनाफा कमाने की छूट देने का प्रावधान लाया गया है।सीटू नेता ने कहा कि नक्सली ऑपरेशन में मारे गए कथित नक्सलियों तथा आदिवासियों के शव को परिजनों को नहीं सौंपना किसी भी सभ्य समाज में यह स्वीकार नहीं किया जा सकता है। नक्सली उन्मूलन के नाम पर सरकार की योजना वन अधिकार कानून के तहत आदिवासियों को प्राप्त अधिकार से उन्हें वंचित रखना तथा वन से बेदखल करना है।



हरिभूमि लाइव

रायपुर, गुरुवार 12 जून 2025

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129

04



2025 का ट्रेंड

## लाइव इवेंट

### ग्लोबल वार्मिंग को रोकने पर्यावरण में संतुलन बनाना आवश्यक, इसलिए पौधे लगाएं




**दुर्ग।** भारती विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना एवं प्राणीशात्र विभाग द्वारा संयुक्त रूप से विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अकादमिक डीन डॉ. आलोक भट्ट, डॉ. विद्यावती चंद्राकर और डॉ. नीतू श्रीवास्तव ने पर्यावरण विषय पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम में पर्यावरण के महत्व, इसे संरक्षित करने के तरीके जैसे ग्लोबल वार्मिंग, अपशिष्ट को कम करना, जल और ऊर्जा का संरक्षण करना तथा सस्टेनेबल पर्यावरण पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने क्लीन कैंपस ड्राइव के महत्वों को बताया एवं पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के एनएसएस विभाग द्वारा एक पेड़ मां के नाम 2.0 का आयोजन किया गया। शिक्षकों और एनएसएस स्वयंसेवकों ने पौधे लगाए और पूरे वर्ष उनकी देखभाल करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में एनसीसी की कार्यान्वयन अधिकारी डॉ. शोभा सिंह ठाकुर, एनएसएस से डॉ. भूमिका मिश्रा, रॉलिक बेंजामिन दास, भारती यादव, सहायक प्राध्यापक झानेन्द्र पटेल, नवनीत महंत, युक्ति नोन्हारे, रोशन कुमार, राजलक्ष्मी सिन्हा, प्रियंका सिन्हा, स्वीटी तिवारी सहित अन्य मौजूद थे। कार्यक्रम के अंत में पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए शपथ लिया गया।

## सिटी इवेंट

### महिलाओं की आत्मनिर्भर बनाने सिलाई मशीन का वितरण



**भिलाई।** बेटी बचाओ मंच द्वारा कमला मोटर्स गंजपारा में आयोजित एक कार्यक्रम में 9 जरुरतमंद महिलाओं को सिलाई मशीनें वितरित की गईं। इससे वे स्वरोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ सकेंगी। बेटी बचाओ मंच के संरक्षक एवं वरिष्ठ समाजसेवी कैलाश जैन बरमेचा की प्रेरणा से एवं जना स्मॉल फाइनेंस बैंक के सहयोग से महिलाओं को सिलाई मशीन का वितरण किया गया। मुख्य अतिथि जरीना जमाल रहीं। उन्होंने महिलाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आज की नारी यदि संसाधन पाए तो वह अपने जीवन के साथ-साथ समाज को भी संवार सकती है। मंच की यह पहल सराहनीय है। इस अवसर पर मंच की जिला अध्यक्ष रश्मि अग्रवाल, उपाध्यक्ष उमा राय, आयशा अहमद, मंजू बरमेचा, सीमा यादव, मृदुला रोजिन्दर, सुषमा मुलतकर, वरिष्ठ साहित्यकार रौनक जमाल, शायर नावेद रज़ा दुर्गवी, शशिकांत तिवारी, मुकेश तिवारी, जना बैंक से प्रियंका भट्टाचार्य एवं सविता साहू उपस्थित थीं। सभी ने मंच की इस पहल की सराहना की और इसे महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक प्रभावी प्रयास बताया। कार्यक्रम में सिलाई मशीन प्राप्त करने वाली लाभार्थी महिलाओं ने बेटी बचाओ मंच का आभार व्यक्त किया और बताया कि यह सहयोग उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने वाला है। इस अवसर पर सुजाता सोनी, परवीन खान, रुखसाना बेगम, निराशा निषाद, मीना इंगले, किरण देवांगन, पिंकी देवांगन, चमेली देवांगन, देवकी देवांगन आदि को सिलाई मशीन का वितरण किया गया।

## सिटी इवेंट

### पुरोधा कलाकार भेखराम देवांगन सम्मानित



**भिलाई।** 90 के दशक छत्तीसगढ़ी लोक कलामंच गवईहा किसान कुम्हारी के संचालक गीतकार संगीतकार व लोकगायक पुरोधा कलाकार भेखराम देवांगन का शाल, श्रीफल से सम्मान किया गया। हमर धरोहर के संस्थापक केशव साहू, उद्घोषक हरीश साहू, भजन गायिका बिंदिया साहू ने उन्हें सम्मानित किया। हरीश साहू ने बताया कि भेखराम देवांगन बहुत ही मंजे हुए कलाकार हैं, जिनके कार्यक्रम देखने के लिए लोगो की भीड़ लग जाती थी। कुम्हारी के रहने वाले देवांगन के गीत आज भी लोग सुनते हैं। काफी पसंद करते हैं, उनके गीत तै गवईहा किसान, बघवा के सवारी, बाग बहरा बाला घाट मोर सारी, मोर ठाकुर पारा पानी भरबे, आई एम जकला, गाड़ा तोर बईला मोर जैसे गीत व जकला भकला फोकला नाटक प्रसिद्ध हुए। कैसेट के जमाने में 18 कैसेट तैयार हुए।

● सेक्टर-4 और सेक्टर-6 स्थित मंदिर में ओडिशा की तर्ज पर मनाया जा रहा रथयात्रा उत्सव

# जय जगन्नाथ... भगवन पड़े बीमार, सेक्टर-4 में पूर्णिमा के दिन देवस्नान के साथ बंद हुए मंदिर के पट, 26 को खुलेंगे

शहर में भगवान जगन्नाथ रथयात्रा की धूम शुरू हो गई है। दो प्रमुख मंदिर सेक्टर-4 और सेक्टर-6 में रथयात्रा उत्सव शुरू हो चुका है। हर दिन अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। ओडिशा की तर्ज पर विधि-विधान से रथयात्रा उत्सव मनाया जा रहा है।जगन्नाथ मंदिर सेक्टर-4 में प्रतिवर्षानुसार की तरह इस वर्ष भी महाप्रभु का 56 वां रथयात्रा महोत्सव मनाने जा रहा है। रथयात्रा की पहली कड़ी के रुप में आज श्री जगन्नाथ मंदिर सेक्टर-4 में देवस्नान पूर्णिमा का पारंपरिक व धार्मिक आयोजन संपन्न हुआ। इस आयोजन के तहत महाप्रभु को बाजे-गाजे के साथ पहंडी करते हुए मंदिर से निकाल कर देव स्नान मंडप पर लाया गया। देव स्नान मंडप में समस्त विधि-विधान के साथ महाप्रभु श्री जगन्नाथ स्वामी, बड़े भाई भगवान श्री बलभद्र देव, तथा देवी सुभद्रा को सुगंधित व औषधि युक्त जल से स्नान कराया गया। इसी प्रकार सेक्टर-6 मंदिर में भी आयोजन की तैयारी शुरू हो चुकी है।



**भिलाई।** सेक्टर-4 मंदिर में देव स्नान की यह धार्मिक पूजा समस्त रीति-रिवाजों के साथ पुरोहित पितवास पाढ़ी, सीमांचल रथ तथा प्रकाश दास, रंजन महापात्र, रंजीत रथ, सुशांत सतपथी,सरोज दास द्वारा संपन्न कराई गई। देव स्नान के पश्चात महाप्रभु का गजराज वेश के रूप में श्रृंगार किया गया। देव स्नान के बाद महाप्रभु के बीमार पड़ने के कारण उन्हें विश्राम हेतु अणसर गृह में स्थापित किया गया। बुधवार से लेकर 26 जून के नेत्र उत्सव तक महाप्रभु श्री जगन्नाथ के मंदिर के पट बंद रहेंगे। इस अवधि में महाप्रभु को विभिन्न जड़ी बूटियों व दिव्य औषधियों का भोग लगाया जायेगा। 26 जून को नेत्र उत्सव का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद महाप्रभु के मंदिर का पट दर्शन हेतु खोले जाएंगे। इसके बाद दिनांक 27 जून को दोपहर 2 बजे सेक्टर-4 स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर से रथयात्रा निकाली जायेगी। देव स्नान के इस पावन उत्सव को सफल बनाने में जगन्नाथ समिति के अध्यक्ष श्री वीरेंद्र सतपति एवं महासचिव सत्यवान नायक सहित समिति के पदाधिकारी सर्वश्री अनाम नाहक, वृंदावन स्वांई, डी त्रिनाथ, त्रिनाथ साहू, बसंत प्रधान, भीम स्वांई, सीमांचल बेहरा, सुशांत सतपथी, बीसी बिस्वाल, कालू बेहरा, बीसी केशन साहू, निरंजन महाराणा, प्रकाश स्वांई, कवि बिस्वाल, कैलाश पात्रो, एस दलाई,सुभाष पात्रो, रबि स्वांई, जगन्नाथ पटनायक,वी के होता,शत्रुघन डाकूआ, हिमांशु शांति, ने विशेष योगदान दिया। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित थे। देव स्नान के विभिन्न पूजा कर्म व पहंडी कार्यक्रम पुरोहीत श्री पितवास पाढ़ी के नेतृत्व में विधि विधान से सम्पन्न किया गया।





### सेक्टर-6 मंदिर में महाप्रभु का गजानन भेष में श्रृंगार, गणेश रूप में देंगे दर्शन

**भिलाई।** श्री जगन्नाथ मंदिर सेक्टर-6 में देव स्नान महोत्सव का आयोजन हुआ हुआ। महाप्रभु को बाजे गाजे के साथ पहंडी करते हुए श्री मंदिर से निकाल कर देवस्नान मंडप में लाया गया । देवस्नान मंडप में सम्पूर्ण विधि विधान के साथ महाप्रभु जगन्नाथ स्वामी, बड़े भाई भगवान बलभद्र देव तथा बहन माता सुभद्रा को 108 सुगन्धित जल कलश से स्नान कराया गया। महा प्रभु का गजानन भेष में श्रृंगार किया गया। अब महाप्रभु श्री गणेश रुप में श्रध्दालुओं को दर्शन देंगे। चूंकि महाप्रभु श्री जगन्नाथ का जन्म उत्सव भी है। जन्मोत्सव में 21 किलो का भव्य पोड़ो-पीठा (विशेष भोग) हलवाई शयल्ल साहू एवं सन्यास साहू द्वारा भोग लगाया गया। इसके बाद महाप्रभु बीमार पड़ने के कारण उन्हें विश्राम के लिए अणसर गृह में स्थापित किया गया। उन्हें काढ़ा व 8 अन्य तरह की औषधियों का भोग लगाकर उनका उपचार किया जाएगा। 25 जून तक पट बंद रहेंगे। 26 जून को महाप्रभु का नेत्र उत्सव मनाया जाएगा। जगन्नाथ नवयौवन रूप में भक्तों दर्शन देंगे। इस अवसर पर जगन्नाथ के मुख्य पुजारी पं. तुषार महापात्रा एवं समिति के अध्यक्ष दिलीप महंती, महासचिव अरुण पंडा, शरद विशाल, रविन्द्र साहू, शशिभूषण महंती, संजय साहू, सन्यास साहू, सुभाष साहू, जितेन्द्र भूइयां, संजीव भूइयां, हरि राउत, प्रभात त्रिपाठी, संतोष महाराणा, प्रशांत सामल, नीलमणी नायक रवि मुनी गजेंद्र पंडा ललित पाणिग्रही उपस्थित थे।

## गतका खेलने दिल्ली जाएंगे खिलाड़ी, विजेता होंगे सम्मानित

**भिलाई।** राजेश पटेल स्पोर्ट्स काम्पलेक्स गतका ग्राउंड सेक्टर 2 में पांच दिवसीय गतका कैम्प का आयोजन किया गया। इसमें 12,13,14 जून को दिल्ली में होने वाले नेशनल गतका चैम्पियनशिप में भाग लेने वाले खिलाड़ी शामिल हुए। कैंप में खिलाड़ियों को फिटनेस ट्रेनर देव कुमार और अमन सिंघ ने गतके की बारिकियों, नियम, पाइंट और फाउल्स के बारे में अवगत कराया।

कैंप के समापन पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें एसोसिएशन के अध्यक्ष इंदरजीत सिंघ छोटू द्वारा सभी खिलाड़ियों को ट्रैकसूट का वितरण किया गया। सभी खिलाड़ियों को अच्छे प्रदर्शन की शुभकामनाएं दी। साथ ही घोषणा की कि नेशनल में गोल्ड मैडल लाने वाले खिलाड़ी को बीस हजार, सिल्वर मेडल को 15 हजार और ब्राउंज मेडल को दस हजार रुपए का नगद पुरस्कार एसोसिएशन की ओर से दिया जाएगा। इस अवसर पर मलकीत सिंह लल्लू, रंजीत सिंह, सिक्ख पंचायत के चैयरमैन जसबीर सिंघ चहल, पलविंदर सिंघ, गुरनाम सिंघ, बलदेव सिंह, गुरमीत सिंघ, बलजिंदर सिंघ कलेर, सिक्ख यूथ फोरम के अध्यक्ष सुच्चा सिंघ, चैयरमैन कुलवंत कौर, विभिन्न खेल संघ के पदाधिकारी सहित अन्य मौजूद थे।





## कला जीवन की संवेदना और सहृदयता को बनाए रखने वाला प्रवाहः आर्य

**भिलाई।** विजुअल कॉन्फ्लुएंस 3 कला प्रदर्शनी का आयोजन कर्नाटका चित्रकला परिषद बेंगलुरू में आयोजित किया गया। छत्तीसगढ़ दुर्ग के आचार्य डॉ. अजय आर्य को कला प्रेमी अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया। प्रदर्शनी में अबाक कुंडू,अजय कुमार, अजय मिश्रा, राजस्थान, अमर ज्योति शर्मा, कोलकाता, अशोक कुमार वर्मा, अविक चक्रवर्ती, दीपक डोंगरे, गिरीश चौरसिया राजकोट, कौशिक दास, कौशलेश कुमार, मोना रघुवंशी, मनोश्री रॉय, पंकज शर्मा, ऋचा चंद्रा, रौनक राय, मध्यप्रदेश, सजित मिंज, शांति तिर्की छत्तीसगढ़, सौमेंद्र सरकार, कोलकाता, सुनील कुमार, सिल्विया दासगुप्ता अभी की कलाएं प्रदर्शित की गई। छत्तीसगढ़ मध्य प्रदेश झारखंड असम कर्नाटक राजस्थान बिहार आदि के कलाकारों ने इस प्रदर्शनी में भाग लिया। इस अवसर परधर्मेन्द्र पटले उपायुक्त, कोलकाता के वरिष्ठ व प्रख्यात चित्रकार जहर दासगुप्ता, आर. प्रमोद, हेमा के. सहायक आयुक्त उपस्थित रहे।



### रेलवे ने आरक्षण प्रणाली में किए परिवर्तन, 15 जुलाई से ओटीपी आधारित सत्यापन जरूरी

## रेलवे में 1 जुलाई से होने वाले बदलाव, आईआरसीटी की वेबसाइट और एप पर आधार सत्यापित ही बना सकेंगे तत्काल टिकट, एजेंट काउंटर खुलने से 30 मिनट तक नहीं कर पाएंगे बुकिंग

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** यात्रियों को तत्काल टिकट निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से सुलभ कराने और उनके हितों की रक्षा के लिए भारतीय रेलवे ने तत्काल टिकट बुकिंग प्रणाली में महत्वपूर्ण संशोधनों की घोषणा की है। इसका उद्देश्य उपयोगकर्ता सत्यापन बढ़ाना और योजना का दुरुपयोग रोकना है। एसी और नॉन-एसी क्लास के लिए पहले 30 मिनट में कोई एजेंट बुकिंग नहीं होगी। 15 जुलाई से ऑनलाइन तथा यात्री आरक्षण प्रणाली काउंटर और अधिकृत एजेंटों के माध्यम से तत्काल बुकिंग के लिए ओटीपी आधारित सत्यापन अनिवार्य होगा। नए प्रावधानों के अंतर्गत ऑनलाइन तत्काल बुकिंग के लिए आधार आवश्यक किया गया है।एक जुलाई से भारतीय रेलवे खानपान और पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) की आधिकारिक वेबसाइट और मोबाइल एप द्वारा तत्काल टिकट बुकिंग केवल आधार सत्यापित उपयोगकर्ताओं के लिए ही उपलब्ध होंगे।



### टिकट के लिए ओटीपी जरूरी, एजेंटों के लिए नियम सख्त

यात्री आरक्षण प्रणाली काउंटर (पीआरएस काउंटर) और एजेंटों द्वारा बुकिंग में सिस्टम-आधारित ओटीपी सत्यापन आवश्यक किया गया है। कम्प्यूटरीकृत यात्री आरक्षण प्रणाली (पीआरएस) काउंटरों और अधिकृत एजेंटों के माध्यम से तत्काल टिकटों की बुकिंग के दौरान उपयोगकर्ता के मोबाइल नंबर पर ओटीपी सत्यापन की आवश्यकता होगी। इसके अलावा टिकट एजेंट के लिए नियमों को और अधिक सख्त किया गया है।

### अधिकृत एजेंटों के लिए बुकिंग समय की पाबंदी

रेल आरक्षण के शुरूआती समय में बुकिंग रोकने के लिए, भारतीय रेलवे के अधिकृत टिकटिंग एजेंटों को बुकिंग विंडो के पहले 30 मिनट के दौरान तत्काल टिकट बुक करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। एसी क्लासों के लिए यह प्रतिबंध सुबह 10 बजे से 10:30 बजे तक और गैर-एसी क्लास के लिए सुबह 11 बजे से 11:30 बजे तक लागू होगा। ये बदलाव तत्काल बुकिंग में पारदर्शिता बढ़ाने और सुनिश्चित करने के लिए लागू किए जा रहे हैं कि योजना का लाभ वास्तविक उपयोगकर्ताओं को मिले।


### इस बारे में अधिक जानकारी 139 पर ली जा सकेगी

इस बारे में अधिक जानकारी 139 नंबर पर ली जा सकेगी। इसके रेलवे के टिकट काउंटर, ऑनलाइन प्लेटफार्म में भी जानकारी उपलब्ध कराई गई है। रेलवे सूचना प्रणाली केन्द्र (सीआरआईएस) और आईआरसीटीसी को इस बारे में आवश्यक प्रणालीगत संशोधन करने और सभी रेलवे जोन और संबंधित विभागों को सूचित करने के निर्देश दिए गए हैं। रेल मंत्रालय ने सभी यात्रियों से इन परिवर्तनों पर ध्यान देने का अनुरोध किया है। असुविधा से बचने के लिए उसने आईआरसीटीसी उपयोगकर्ताओं को अपने प्रोफाइल आधार नम्बर के साथ जोड़ने का आग्रह किया है।

सिटी इवेंट

## अग्रवाल समाज ऑनलाइन लूडो प्रतियोगिता, विजेता होंगे सम्मानित

**दुर्ग।** अग्रवाल समाज द्वारा ऑनलाइन लूडो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें 200 से ज्यादा अग्रजनों ने भाग लिया। समाज के अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, महासचिव ललित सक्सेरिया, युवा इकाई के अध्यक्ष हिमांशु अग्रवाल ने बताया कि लूडो प्रतियोगिता का आयोजन मनोरंजन के लिहाज से किया गया। युवा मित्र मंडल के उपाध्यक्ष रजत अग्रवाल एवं सांस्कृतिक सचिव रजत जिंदल ने बताया कि जिस तरह आज सब कुछ ऑनलाइन की तरफ बढ़ रहा है। उसे देखते हुए हमने ये प्रयास किया कि ऐसी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना चाहिए। पिछले वर्ष भी इस प्रकार का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में महिला मंडल एवं यूथ क्लब का विशेष सहयोग रहा। प्रतियोगिता के अंतिम चरण में जो प्रतिभागी पहुंचे वे अदिति अग्रवाल, श्रेया अग्रवाल, श्रद्धा गोयल, कुसुम अग्रवाल, अंकिता अग्रवाल, स्तुति रुंगटा, कपिला अग्रवाल, अविनाश अग्रवाल शामिल थे। इसमें प्रथम अदिति अग्रवाल एवं द्वितीय कुसुम अग्रवाल रही। युवा मित्र मंडल के कार्यकारिणी अध्यक्ष अमूल बंसल एवं महासचिव आकाश अग्रवाल ने बताया कि विगत वर्ष भी युवा मित्र मंडल द्वारा ऑनलाइन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम प्रभारी श्रेयांश अग्रवाल एवं हिमांशु गोयल ने बताया कि सभी अग्रजनों ने खूब आनंद लिया। प्रतियोगिता जीतने वाले प्रतिभागियों को विजय अग्रवाल, कैलाश रुंगटा, सुधीर अग्रवाल, प्रेम कुमार अग्रवाल, पंकज कीर्तुका, दीपक बंसल, सरिता गोयल, सरोज अग्रवाल, अनीता अग्रवाल सहित अन्य ने बधाई दी है।




■ प्रतियोगिता में 200 से अधिक ने लिया भाग

सिटी इवेंट

## पाम किसानों के लिए लाभकारी थनौद में10 एकड़ में रोपे पौधे




**दुर्ग।** पाम की खेती को बढ़ावा देने के लिए मेगा प्लांटेशन ड्राइव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उद्यानिकी विभाग और 3 एफ ऑयल पाम को संयुक्त तत्वावधान में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। दुर्ग ब्लॉक के ग्राम थनौद के कृषक जी. मार्तण्ड राव के खेत में 10 एकड़ भूमि में पाम पौधों का रोपण किया गया। आयोजित कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन, जनपद सदस्य संगीता साहू, सरपंच मेनका देशमुख, उद्यानिकी विभाग के वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी मुकेश वासनिक, उद्यान विस्तार अधिकारी भानूप्रिया ठाकुर, आकाश वर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

सिटी लाइव

## लोकगाथा भरथरी का मंचन आज से कला मंदिर में



**भिलाई।** संस्था रंग सरोवर की प्रस्तुति लोकनाट्य उत्सव का आयोजन गुरुवार 12 और शुक्रवार 13 जून की शाम महात्मा गांधी कला मंदिर सिविक सेंटर में किया जा रहा है। जिसमें छत्तीसगढ़ की बहुचर्चित लोकगाथा भरथरी का मंचन होगा। दोनों दिन शाम को 7 बजे से शुरू होने वाले इस मंचन में छत्तीसगढ़ की प्रचलित भरथरी गायन शैली को पहली बार मंच पर नाटक शैली में प्रस्तुत किया जा रहा है। इसमें आलेख, गीत, संगीत एवं निर्देशन भूपेन्द्र साहू का है। आयोजन की तैयारियां पूरी हो चुकी है। निर्देशक भूपेंद्र साहू ने बताया कि छत्तीसगढ़ अंचल के सांस्कृतिक धरातल पर समृद्ध लोक गाथा भरथरी को पहली बार दर्शक नाट्य शैली में देखेंगे। समन्वयक पद्मश्री डॉ. राधेश्याम बारले ने कला प्रेमियों से इस अवसर पर उपस्थिति की अपील की है। इस अवसर पर दुर्ग भिलाई सहित प्रदेश के कलाकार शामिल होंगे। लोक कला संस्कृति के बारे में जानकारी लेंगे। कलाकारों ने बताया कि भरथरी छत्तीसगढ़ी संस्कृति का एक अभिन्न अंग है। गांव-गांव में सुनाई जाने वाली बहुचर्चित लोकगाथा है।

● निर्मल ज्ञान मंदिर कबीर आश्रम नेहरूनगर में 628वां कबीर प्रकोत्सव मना

# सामाजिक कुरीतियों का त्याग कर सात्विक भोजन करने और जीवन जीने से ही मनुष्य का कल्याण

**भिलाई।** निर्मल ज्ञान मंदिर कबीर आश्रम नेहरू नगर में बुधवार को 628 वां कबीर प्राकट्य महोत्सव मनाया गया। एक दिवसीय इस कार्यक्रम के दौरान मंगल कलश स्थापना, गुरु वंदना, मंगलाचरण, बीजक पाठ, ध्यान योग आयोजित की गई। इसके साथ कबीर अनुयाईयों द्वारा कबीर के पदों का गायन और और भजन पाठ किए गए। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता कबीर मठ नादिया राजनांदगांव के आचार्य मंगल, संत सतेन्द्र, संत गिरव, महंत अंत राम, टीकम गुजरात, द्वारिका और दुलेश्वर साहेब उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित संतों ने कबीर प्राकट्य को लेकर समाज में फैली भ्रांतियों को दूर कर उनके पद चिन्हों पर चलने की बात कही। इसके साथ ही कबीर के दोहों की प्रासंगिकता पर अनेक उदाहरण से समाज में इनकी उपयोगिता और आवश्यकता के साथ ही चिंतन मनन की बात कही गई। मानव समाज में फैली कुरीतियों और आडंबर को मिटा कर सात्विक भोजन करने और सात्विक जीवन जीने से ही मनुष्य का कल्याण होने की बात कही।



### कबीर के बताए मार्ग पर चलने लिया संकल्प

कार्यक्रम के अंत में विधि विधान से चौका आरती का आयोजन किया गया। इस पूजन आरती में दूर दूर से पधारे श्रद्धालु जन सम्मिलित हुए। सभी ने कबीर के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर कबीर सत्संग समिति के गौकरण लाल साहू, आत्माराम साहू, डॉ हीरालाल साहू, रामाधार साहू, प्रेमा दास साहू, खिलावन साहू, शिव कुमार साव, दलजीत सिंह साहू, अशोक कुमार साहू, विनोद कुमार साहू, फकीर राम साहू, फूलचंद साहू, वेद प्रकाश साहू, प्रेमलाल, शंभू लाल विश्वकर्मा, हरीश, मंथीर लाल, लालजी, धर्मेंद्र दास, पंचराम, लक्ष्मी साहू, डीलिया साहू, केशर साहू, सरस्वती साहू, शीला साहू, रामेश्वरी साहू, संतमति साहू, राजकुमारी साहू, चित्ररेखा साहू, दुर्गा देवी साहू, दुर्गेश नंदनी साहू, जागृति सार्वा आदि मौजूद थे। समाधि स्थल के महंत विचार दास ने कबीर प्रकट दिवस के महत्व को समझाया। उन्होंने बताया कि यह दिवस कबीर परमेश्वर के काशी में लहरतारा तालाब पर अवतरण की याद में मनाया जाता है। यह घटना 600 साल पहले हुई थी।





### कबीर जीव आत्माओं को तत्वज्ञान समझाने दुनिया में आए

संतों और आचार्यों ने कहा कि कबीर परमेश्वर सभी जीव आत्माओं के जनक हैं। वे सतलोक और संपूर्ण सृष्टि के रचयिता हैं। वे इस धरती पर जीव आत्माओं को तत्वज्ञान समझाने आए थे। उनका उद्देश्य मोक्ष मार्ग दिखाना और सच्ची भक्ति का मार्ग बताना था। उनके बताए मार्ग पर चलकर सभी आत्माएं सतलोक की प्राप्ति कर सकती हैं। कबीर प्रकटोत्सव में कबीर के उपदेशों को बताया गया। कबीर, जो निर्गुण भक्ति के समर्थक थे, ने ईश्वर को निराकार और सर्वव्यापी माना. उन्होंने मूर्तिपूजा और धार्मिक कर्मकांडों का विरोध किया, उनका मानना था कि ईश्वर मंदिर-मस्जिद में नहीं, बल्कि हर प्राणी के हृदय में निवास करता है. कबीर ने हिंदू-मुस्लिम एकता को बढ़ावा दिया, जाति प्रथा, पाखंड और छुआछूत का विरोध किया। कबीर की शिक्षाएं सभी धर्मों और जातियों के लिए समान थीं। उनकी रचनाएं आम जनता की भाषा में लिखी गई थीं, जिससे वे समाज के हर वर्ग तक पहुंचीं. कबीर के विचारों से भक्ति और सूफी आंदोलन प्रभावित हुए। उनके अनुयायियों ने कबीर पंथ' की स्थापना की।

पीएम मातृत्व सुरक्षा अभियान

## गर्भवती महिलाओं को कराया ऑपरेशन थिएटर का विजिट, 24 तक सभी जांचें फ्री



**भिलाई।** प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षा अभियान 24 जून तक चलेगा। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और जिला अस्पताल में इस दौरान अभियान चलाया जा रहा है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई 3 के बीईटीओ सैय्यद असलम ने बताया कि इसमें गर्भवती महिलाओं की जांच के साथ हाई रिस्क एएनसी ओर समान्य गर्भवती महिलाओं का विविध प्रकार के सभी टेस्ट निशुल्क करते हुए उनकी काउंसिलिंग की जाती है। सीएमएचओ डॉ. मनोज दानी, डॉ. भुनेश्वर कठौतिया, डॉ. अर्चना चौहान, डॉ. शिखर अग्रवाल ने कहा कि फील्ड से आने वाले सभी गर्भवती माताओं का रक्त चाप, शुगर, ब्लड ग्रुप, हीमोग्लोबिन की मात्रा तथा यूरिन एल्बुमिन, थाइराइड और दो सोनोग्राफी निशुल्क करके गर्भ में पल रहे शिशु का विकास देखते हुए बर्थ प्लान तैयार करके उस माता ओर उसके पति को जाटिलताओ की विस्तृत जानकारी दें। आयोजित कार्यक्रम में गर्भवती माताओं को लैब रूम (प्रसव ) कक्ष का विजिट कराया गया, ताकि महिला का प्रसव संबंधित भय दूर हो। मनोवैज्ञानिक और बौद्धिक रूप से प्रसव की कठिनाइयों को समझकर निडर होकर प्रसव के समय सहयोग कर सके। डॉ. शिखर अग्रवाल और स्टाफ नर्स सविता सोधिया ने बताया कि इस भम्रण का उद्देश्य गर्भवती माताओं को प्रसव कक्ष की समस्त जानकारी साझा करके लेबर टेबल आवश्यक दवाएं ओर नवजात शिशुओं का बेबी वर्मर मशीन दिखाकर उन्हें अधिक से अधिक जानकारी प्रदान करना था। इस अवसर पर प्रज्ञा कुशवाहा, आर विश्वास, चम्पा कली सोनी, सरस्वती ठाकुर, मीरा साहू, तृप्ति चंद्राकर, डॉ. अर्चना पांडेय, आकांक्षा पोलेश, सोनल मेहर, गुलशन खलको सहित अन्य मौजूद थे।

आयोजन

## सरस्वती चन्द्रशेखरेन्द्र स्वामीगल की 132 वीं जयंती पर हुआ भजन



**भिलाई।** श्री शंकरा विद्यालय सेक्टर-10 में ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष चतुर्दशी तिथि को श्री श्री चन्द्रशेखरेन्द्र सरस्वती स्वामीगल की 132 वीं जयंती मनाई गई। शाला के प्रांगण में जयंती उत्सव सोल्लास आयोजित किया गया। प्राचार्य बिपिन देशमुख ने गुरु के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर पूजा अर्चना की। इसके बाद अध्यक्ष वी. रामचंद्रन ने भी गुरु के चित्र पर माल्यार्पण किया। मंदिर में शांतनु के द्वारा पूरे विधि-विधान और मंत्रोच्चार के साथ पूजा की गई। शिक्षिकाओं द्वारा भजन प्रस्तुत किए गए। जय-जय शंकर, हर-हर शंकर से शाला प्रांगण गूंजउठा। इस पर भक्तिमय आयोजन किया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम में शाला प्रबंधन समिति के सचिव एस.स्वामीनाथन, अध्यक्ष वी. रामचंद्रन, उप प्राचार्य विजयन बी, प्रधान पाठिका शीजा जॉन, चरनीत कौर संधू सहित अन्य उपस्थित थे। स्काउट गाइड के छात्र–छात्राओं ने राहगीरों को शरबत वितरित किया। प्रसाद वितरण के पश्चात कार्यक्रम का समापन हुआ।

**स्काउड गाइड के विद्यार्थियों ने राहगीरों को शरबत वितरित किया**

10 दिवसीय छत्तीसगढ़ स्तरीय लोकवाद्य कार्यशाला शिविर का समापन

## लोककला और लोकवाद्य के संरक्षण में रिखी का कार्य अनुकरणीयः विधायक चंद्राकर

कार्नर न्यूज

**लोक गीत एवं लोक नृत्यों की रंगारंग प्रस्तुति ने मनमोह लिया**

**भिलाई।** संस्कृति विभाग एवं कुहुकी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 10 दिवसीय छत्तीसगढ़ स्तरीय लोकवाद्य कार्यशाला शिविर का समापन हुआ। कुहुकी कला ग्राम संग्रहालय परिसर मैत्रीबाग चौक मरोदा सेक्टर में आयोजित इस शिविर में लोकवाद्य यंत्रों की प्रदर्शनी लगाई गई, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। समापन समारोह में ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने छत्तीसगढ़ी लोककला और लोकवाद्य के संरक्षण में रिखी क्षत्रिय के कार्य को अनुकरणीय बताते हुए कहा कि कुहुकी कला ग्राम संग्रहालय के लिए शासन-प्रशासन के स्तर पर जब भी उनकी पहल की जरूरत होगी, वे हमेशा तैयार रहेंगे। अन्नपूर्णा क्षत्रिय ने स्वागत भाषण में जानकारी दी कि इस साल 2 जून से यह शिविर आयोजित किया गया, जिसमें छत्तीसगढ़ अंचल के लोकवाद्य शिल्पकारों ने अपनी भागीदारी दी। उन्होंने बताया कि विगत 20 वर्ष से हर वर्ष होने वाले इस शिविर में शिल्पकार न सिर्फ अपनी कलाकृतियों और वाद्य यंत्रों का निर्माण करते रहे हैं, बल्कि एक दूसरे की कला को सीखते भी हैं। वहीं आगंतुकों को भी अपनी आंखों के सामने बनते वाद्य यंत्र व कलाकृतियां देखने का एक अलग अनुभव होता है।



### ऐसे आयोजनों से नई पीढ़ी को मिलता है प्रेरणाः वर्मा



इस दौरान विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. परदेशीराम वर्मा ने कहा कि सफल कलाकार होते हुए रिखी क्षत्रिय नई पीढ़ी को मंच देकर उन्हें बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करते हैं। लोकवाद्यों का अनूठा संग्रह कर रिखी क्षत्रिय ने छत्तीसगढ़ में वह काम किया है जो बिना शासकीय सहयोग के असंभव लगता है। वे आदिवासी कलाकारों की बनाई कृतियों के लिए बाजार भी उपलब्ध कराते हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि राज्य शासन से ऐसे विनम्र कलाकार को उचित सम्मान और संरक्षण मिलेगा। अध्यक्षता ओए के चेयरमैन नरेंद्र बंछोर ने की। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ी लोककला के संरक्षण में ऐसे शिविर आवश्यक हैं। हमारी कला व संस्कृति इन्हीं माध्यमों से देश और दुनिया में फैलेगी। आयोजन को विशेष अतिथि नगर पालिक निगम, रिसाली सभापति केशव बन्छोर, मरौदा, पुरैना मंडल अध्यक्ष राजू जंघेल और नगर पालिका निगम, रिसाली के महापौर परिषद सदस्य सनीर साहू ने भी संबोधित किया।

### लोक रागिनी का मंचन, छत्तीसगढ़ी कला को किया प्रदर्शित

कार्यक्रम में विधायक ललित चंद्राकर के समक्ष ग्रीन रूम के निर्माण की जरूरत पर ध्यानाकर्षण करवाया गया। इस पर विधायक चंद्राकर ने हर संभव पहल करने का आश्वासन दिया। समापन समारोह के दौरान जम कर बारिश हुई और मौसम पूरी तरह प्रतिकूल रहा। इसके बावजूद अतिथियों और दर्शकों की उत्साहजनक प्रतिक्रिया रही। तमाम अतिथि समय पर पहुंच चुके थे और बारिश के दौरान संग्रहालय परिसर में रुके रहे। अतिथियो ने इस दौरान समस्त शिल्पकारों का सम्मान किया। मंचीय प्रस्तुति में लोक रागिनी, लोक कला मंच ने लोक गीत एवं लोक नृत्यों की रंगारंग प्रस्तुति दी। दर्शकों ने कलाकारों का उत्साहवर्धन किया और अंत तक सारी प्रस्तुतियों का आनंद लिया।

## सिटी स्पोर्ट्स

### कप्तान कृति ने बनाए नॉट आउट 104 रन



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ की ओर से सीनियर वूमेन अंडर 23 वन डे चैलेंजर ट्रॉफी के अंतर्गत बुधवार को रोमांचक मुकाबले हुए। बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर-1 टीम में हुए मैच में सेंट्रल जोन ने वेस्ट जोन को 8 विकेट से हरा दिया। बल्लेबाजी करते हुए वेस्ट जोन की टीम ने 5 विकेट पर 193 रन बनाए। कप्तान कृति गुप्ता ने नॉट आउट 104 रन और सेजल वर्मा ने 60 रन बनाए। गेंदबाजी में सेंट्रल जोन की मनप्रीत कौर गिल एवं योगिता लहरें दो-दो विकेट और ममता भगत ने एक विकेट लिए। बल्लेबाजी में सेंट्रल जोन ने दो विकेट पर 197 रन बनाए। जिसमें मानश्री मौर्य ने 83 रन और कुमुद साहू ने नॉट आउट 73 रन बनाए। गेंदबाजी में वेस्ट जोन की कामना यादव एवं रिमी गेडियान एक-एक विकेट लिए।

बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सिविक सेंटर में हुए मैच में टीम नॉर्थ जोन ने ईस्ट जोन को 117 रन से हराया। बल्लेबाजी में नॉर्थ जोन ने 8 विकेट पर 232 रन बनाए। कप्तान इशा भारती देवांगन ने 81 रन, आंशी अग्रवाल ने 38 रन और पहल टंडन ने 21 रन बनाए। गेंदबाजी में ईस्ट जोन की प्रबलीन कौर एवं रवीना साहू ने दो-दो विकेट लिए। दीप्ति ढीमर, चित्रा पटेल एवं रूमा दास ने एक-एक विकेट लिए। बल्लेबाजी में ईस्ट जोन ने 9 विकेट पर 115 रन बनाए। जिसमें चंचल ने 21 रन एवं शिवानी कृष्णा ने 19 रन बनाए। गेंदबाजी में नॉर्थ जोन की किरण वर्मा ने तीन विकेट, उर्मिला हरिना ने दो विकेट तथा प्रतिज्ञा सिंह पहल टंडन एवं दीपमाला मिंज ने एक-एक विकेट लिए।

### नेशनल म्यू थाई में बस्तर की आरवी को स्वर्ण पदक



**रायपुर।** यूनाइटेड म्यू थाई एसोसिएशन इण्डिया (यूएमएआई) के तत्वावधान में हरियाणा स्पोर्ट्स म्यू थाई एसोसिएशन (एचएसएमए) के द्वारा राष्ट्रीय म्यू थाई चैंपियनशिप का आयोजन 09 से 14 जून तक महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी के इंडोर स्टेडियम, रोहतक (हरियाणा) में किया जा रहा है। प्रतियागिता के पहले दिन आगंतुकों का पंजीयन, खिलाड़ियों का मेडिकल हुआ।

दूसरे दिन 10 जून को खिलाड़ियों का वजन, टाई शीट बनाने के अलावा उदघाटन समारोह हुआ जिसके मुख्य अतिथि भारतीय ओलंपिक संघ के पर्यवेक्षक मंजीत सिंह (उपाध्यक्ष हरियाणा ओलंपिक संघ, डिप्टी डायरेक्टर विजिलेंस हरियाणा शासन) थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता यूएमएआई के अध्यक्ष मनोज वर्मा ने की। उदघाटन समारोह में छत्तीसगढ़ म्यूथाई संघ के महासचिव अनीस मेमन के अलावा निर्णायक मण्डल के अमन यादव, प्रणव शंकर साहू और हरबंश कौर को हरियाणा की लोक परंपरा अनुसार पगड़ी पहना कर सम्मानित किया गया। उदघाटन समारोह मे जानकारी दी गई कि म्यू थाई की अंतरराष्ट्रीय संस्था आईएफएमए को अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) एवँ ओलंपिक कॉउन्सिल ऑफ एशिया (ओसीए) से म्यू थाई खेल को एशियन यूथ गेम्स 2025 में खेल के रूप में शामिल किये जाने की सूचना दी गई हैं। इस राष्ट्रीय चैंपियनशिप में एशियन यूथ गेम्स अक्टूबर 2025 बहरीन के लिए 14-15 वर्ष एवँ 16-17 वर्ष के बालक बालिकाओं के 16 सदस्यीय भारतीय म्यूथाई दल का चयन किया जाएगा। जिससे भारत के म्यू थाई खेल प्रेमियों में उत्साह की लहर हैं। इस राष्ट्रीय चैंपियनशिप में 29 राज्यों के लगभग 1150 खिलाड़ी, अधिकारी भाग ले रहे है। 10 जून से प्री क्वालीफाइंग राउंड के मुकाबले प्रारम्भ हुए। बुधवार को सब जूनियर वर्ग के मुकाबले प्रारम्भ हुए जिसमे जगदलपुर (बस्तर) की आरवी अवस्थी ने फाइनल में असम के खिलाड़ी को परास्त कर स्वर्ण जीत कर छत्तीसगढ़ के पदकों का खाता खोला। वहीं रायपुर की बालिका खिलाड़ी ऐशिनी वर्मा और नित्यम साहू, बस्तर की अन्वी जैन और वेदांशी ठाकुर तथा बालोद की हिमानी डड़सेना ने फाइनल में परास्त होने के पश्चात रजत पदक जीता और छत्तीसगढ़ के पदको की संख्या 06 पहुंचाई। इनमें आरवी अवस्थी स्वर्ण (अंडर-10, -24केजी), ऐशिनी वर्मा, रजत (अंडर-10,-22केजी), नित्यम साहू, रजत (अंडर-10-25केजी),अन्वी जैन, रजत (12-13वर्ष-40केजी),हिमानी डड़सेना, रजत (12-13 वर्ष,-44केजी), वेदांशी ठाकुर, रजत (12-13वर्ष, -48केजी) शामिल हैं। छत्तीसगढ़ के अन्य सभी खिलाड़ी प्री क्वार्टर फाइनल, क्वार्टर फाइनल या सेमी फाइनल में है। 13 जून को चैंपियनशिप के अन्तिम दिन तक छत्तीसगढ़ के पदकों की संख्या बढ़ने की संभावना है। उल्लेखनीय हैं कि इस राष्ट्रीय चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ का 60 सदस्यीय दल भाग ले रहा है जिसमे 51 (28 बालक, 23 बालिका) खिलाड़ी और 09 अधिकारी शामिल है।

## देश में एनिमिया के बढ़ते मामले चिंताजनक

# भारतीय महिलाओं की सेहत के लिए सबसे बड़ी चुनौती है खून की कमी, बचाव के तरीके अपनाएं और रहें हमेशा सेहतमंद

भारत में 15 से 49 वर्ष की आयु की 57% महिलाएं और छह महीने से 59 महीने के बीच के 67% बच्चे एनीमिया यानि खून की कमी से प्रभावित हैं। गर्भवती महिलाओं में हीमोग्लोबिन 11 ग्राम प्रति डेसीलीटर से कम और अन्य महिलाओं में 12 ग्राम प्रति डेसीलीटर से कम हो तो उसे एनीमिया माना जाता है। जब भी बात महिलाओं की सेहत की आती है तो शरीर में हीमोग्लोबिन की कमी और एनीमिया के मामले सबसे ज्यादा चर्चा में रहते हैं। भारतीय महिलाओं में ये समस्या और भी ज्यादा देखी जाती है जिसके कारण स्वास्थ्य सेवाओं पर हर साल अतिरिक्त दवाब भी बढ़ता जा रहा है। क्या आप अक्सर थकान, चक्कर या सांस फूलने जैसी समस्या महसूस करती हैं? ये हीमोग्लोबिन की कमी यानी एनीमिया के लक्षण हो सकते हैं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, भारत में 15 से 49 वर्ष की आयु की 57% महिलाएं और छह महीने से 59 महीने के बीच के 67% बच्चे इससे प्रभावित हैं। हालांकि अच्छी बात ये है कि इसे आसानी से रोका जा सकता है।



### शरीर में खून की कमी-एनीमिया

शरीर में खून के साथ ऑक्सीजन पहुंचाने का काम हीमोग्लोबिन करता है। जब इसकी मात्रा घट जाती है तो इसके कारण आपको एनीमिया हो सकता है, जिसमें शरीर अक्सर थका रहता है और बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। गर्भवती महिलाओं में हीमोग्लोबिन 11 ग्राम प्रति डेसीलीटर से कम और अन्य महिलाओं में 12 ग्राम प्रति डेसीलीटर से कम हो तो उसे एनीमिया माना जाता है।

### क्या कहते हैं डॉक्टर?

डॉक्टर बताते हैं, एनीमिया एक छिपी हुई बीमारी है लेकिन इसके परिणाम गंभीर हो सकते हैं। थोड़ी सी जागरूकता, पौष्टिक आहार और सही समय पर दवाओं से महिलाएं इसे आसानी से मात दे सकती हैं। अगर कोई महिला अक्सर थकी-थकी लगती है, उसका चेहरा पीला पड़ गया है या वो बार-बार बीमार पड़ती है, तो तुरंत इसकी जांच कराएं। कभी-कभी सिर्फ एक गोली और अच्छी डाइट से जिंदगी में नई ऊर्जा आ सकती है। आइए जानते हैं कि शरीर में आयरन की पूर्ति के लिए क्या चीजें खानी चाहिए? और कैसे आप एनीमिया से बचाव कर सकती हैं।

### पालक को बनाएं आहार का हिस्सा



पालक आयरन के सबसे अच्छे और आसनी से उपलब्ध स्त्रोतों में से एक है। लगभग 100 ग्राम पालक में 2.7 मिलीग्राम आयरन होता है जिससे आयरन के दैनिक जरूरतों के 15% तक की पूर्ति की जा सकती है। पालक विटामिन-सी से भी भरपूर होता है। यह महत्वपूर्ण है क्योंकि विटामिन सी आयरन के अवशोषण को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

### रेड मीट का संतुलित सेवन

पालक के अलावा रेड मीट का सेवन करना भी आयरन की पूर्ति में आपके लिए काफी फायदेमंद माना जाता है। रेड मीट में आयरन के अलावा शरीर के लिए आवश्यक कई अन्य पोषक तत्व भी भरपूर



मात्रा में पाए जाते हैं। करीब 100 ग्राम रेड मीट में 2.7 मिलीग्राम आयरन होता है। हालांकि अधिक मात्रा में रेड मीट खाने से बचना चाहिए।

### कद्दू के बीज खाइए

कुछ प्रकार के सीड्स से भी आयरन की आवश्यकताओं की पूर्ति हो सकती है। विशेषतौर पर कद्दू के बीज इसका उत्कृष्ट माने जाते हैं। लगभग 28 ग्राम कद्दू के बीज में 2.5 मिलीग्राम आयरन होता है जिससे आयरन के दैनिक आवश्यकताओं की 14% तक की पूर्ति की जा सकती है।



## बच्चों को पढ़ाने एआई टूल्स की लें मदद घंटों का काम मिनटों में होगा आसान

क्या आपको बच्चों को पढ़ाने में मुश्किल हो रही है? क्या आप जानती हैं कि अब बच्चों को पढ़ाने में एआई टूल्स भी आपकी मदद कर सकते हैं? अगर नहीं, तो आइए यहां उन एआई टूल्स के बारे में डिटेल से जानते हैं जो बच्चों को पढ़ाने में आपकी मदद कर सकते हैं और घंटों का काम मिनटों का बना सकते हैं।

मां बनना इतना आसान नहीं है, जितना बॉलीवुड की फिल्मों में देखने को मिलता है। मां बनने के साथ कई जिम्मेदारियां आती हैं जो समय के साथ कम नहीं, बल्कि बढ़ती जाती हैं। यह जिम्मेदारी तब ज्यादा मुश्किल हो जाती है, जब बच्चे को पढ़ाने की बारी आती है। जी हां, बच्चों का होमवर्क कराना, प्रोजेक्ट्स बनवाना और एग्जाम के लिए तैयारी कराना बिल्कुल भी आसान नहीं होता है।

अगर आपको भी बच्चों को पढ़ाने में मुश्किल हो रही है, तो आप टेक्नोलॉजी को अपना दोस्त बना सकती हैं। आज के समय में टेक्नोलॉजी सिर्फ ऑफिस या बड़ी कंपनियों का



हिस्सा नहीं हैं, बल्कि यह एक हाउस वाइफ और मां की लाइफ भी बदल सकती है। बदलते समय के साथ कई ऐसे एआई यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टूल्स डेवलप हो गए हैं, जो बच्चों की पढ़ाई को सिर्फ आसान नहीं बनाते हैं, बल्कि कई घंटों के काम को मिनटों का भी बना देते हैं। आइए, यहां जानते हैं कि आप बच्चों को पढ़ाने में किन एआई टूल्स की मदद ले सकती हैं।

### ये एआई टूल्स कर सकते हैं मदद

अगर बच्चों की पढ़ाई के लिए स्टडी मटीरियल अलग-अलग किताबों या इंटरनेट पर खोज रही हैं और घंटों की मेहनत के बाद भी पूरी डिटेल्स नहीं मिली हैं, तो यह AI टूल आपकी मदद कर सकता है। क्विजलेट एआई टूल स्टडी मटीरियल को इकठ्ठा करने में मदद कर सकता है। इतना ही नहीं, पढ़ने के बाद बच्चे का टेस्ट लेने में भी इस टूल का इस्तेमाल किया जा सकता है।

### नैपकिन एआई

यह टूल बच्चों को इमेज, डिजाइन्स, ग्राफिक्स और प्रेजेंटेशन्स बनाने में मदद कर सकता है। इस बात में कोई दो राय नहीं है कि किसी भी तस्वीर को देख बच्चा जल्दी सीखता है। खासकर यह टूल बच्चों का प्रोजेक्ट आदि बनाने में भी मदद कर सकता है। इस टूल की मदद से लिखे टेक्सट से मिनटों में ग्राफिक्स, डिजाइन्स और प्रेजेंटेशन्स तैयार किए जा सकते हैं।

### ग्रामरली

अगर बच्चे ने किसी विषय पर कोई लेख लिखा है और आप उसमें व्याकरण और वर्तनी की जांच करना चाहती हैं, तो ग्रामरली आपकी मदद कर सकता है। इतना ही नहीं, प्रोजेक्ट तैयार करते समय मुश्किल शब्दों और वाक्यों को बनाने में भी ग्रामरली की मदद ली जा सकती है।



## क्रिस्पी फ्रेंच फ्राइज बनाने अपनाएं खास उपाय, रखने के बाद भी रहेंगे स्वादिष्ट

फ्रेंच फ्राइज हम घर पर बनाने की कोशिश करते हैं, तो क्या होता है? अक्सर फ्राइज या तो ज्यादा ऑयली बनते हैं या फिर मुलायम और अगर थोड़ी देर बाद दोबारा खाने जाएं, तो वो और भी नरम और बेस्वाद लगने लगते हैं

आलू हमारी जिंदगी का अहम हिस्सा हैं, जिसके बिना खाने की कल्पना भी नहीं की जा सकती। आलू से बनी चीजें बहुत पसंद की जाती है जैसे फ्रेंच फ्राइज। इनका नाम सुनते ही मुंह में पानी आ जाता है, जिसे हर कोई बड़े ही चाव से खाता है। इसका कुरकुरा स्वाद और ऊपर से मसालेदार फ्लेवर दिन बना देता है।

हालांकि, ऐसे फ्राइज किसी अच्छे रेस्टोरेंट या फास्ट फूड आउटलेट में ही मिलते हैं। मगर जब यही फ्रेंच फ्राइज हम घर पर बनाने की कोशिश करते हैं, तो क्या होता है? अक्सर फ्राइज या तो ज्यादा ऑयली बनते हैं या फिर मुलायम और चिपचिपे। ऊपर से कुरकुरे टेक्सचर की तो बात ही छोड़िए...और तो और अगर थोड़ी देर बाद दोबारा खाने जाएं, तो वो और भी नरम और बेस्वाद लगने लगते हैं।

हमारे समझ ही नहीं आखिर गलती होती कहां हैं। अगर आपके साथ भी ऐसा हो रहा है, तो यह लेख आपकी मदद कर सकता है। यहां हम कुछ हैक्स बताएंगे जिनकी मदद से फ्राइज को कुरकुरा और स्वादिष्ट बनाया जा सकता है।

### बड़े सफेद आलू का करें इस्तेमाल

आजकल मार्केट में कई तरह के आलू मिलते हैं और हर आलू के फ्राइज बिल्कुल अच्छा नहीं लगता। इसलिए फ्राइज बनाने के लिए स्टार्च वाले आलू चुनें जैसे चिप्स वाला आलू होता है। आप बड़े सफेद आलू चुन सकते हैं, क्योंकि जल्दी पक जाते हैं और फ्राई होने



पर क्रिस्पी भी रहते हैं।

### आलू को काटकर पानी में भिगोएं

आलू काटने के बाद उन्हें सीधा तेल में न डालें। सबसे पहले इन्हें कम से कम 30 मिनट तक ठंडे पानी में भिगोकर रखें। इससे उनमें मौजूद एक्स्ट्रा स्टार्च निकल जाएगा और तलते समय आलू आपस में नहीं चिपकेंगे। अगर आपके पास वक्त है, तो पानी में थोड़ा-सा सिरका या नींबू का रस डाल दें।

### अच्छी तरह सुखाना है जरूरी

पानी से निकालने के बाद इसे सुखाना बहुत जरूरी है। अगर आप बिना सुखाए आलू को तेल में डालेंगे तो आपको खतरा हो सकता है। इसलिए पहले आलू को अच्छी तरह से सुखा लें और फिर फ्राई करने के लिए इस्तेमाल करें। सुखाने के लिए आप किचन टॉवल का इस्तेमाल कर सकते हैं।

## आषाढ़ माह में जरूर करें इन खास चीजों का दान

आषाढ़ महीना अब जल्द ही शुरू होने वाला है। इस दिन दान-पुण्य करने का विशेष महत्व है। इससे व्यक्ति की स भी समस्याएं दूर हो सकती है। इस माह में किन चीजों का दान करने से भाग्योदय हो सकता है। इसके बारे में ज्योतिषाचार्य पंडित अरविंद त्रिपाठी बता रहे हैं।



### सरसो तेल

सरसों का तेल शनिदेव को अत्यंत प्रिय है। आषाढ़ मास में, विशेष रूप से शनिवार या आषाढ़ अमावस्या के दिन, सरसों के तेल का दान करने से शनिदेव प्रसन्न होते हैं। इससे शनि की साढ़ेसाती, ढैय्या या अन्य शनि दोषों से मुक्ति मिल सकती है। सूर्यास्त के बाद दक्षिण दिशा में सरसों के तेल में काला तिल डालकर दीपक जलाना पितरों को खुश करने वाला माना जाता है। ऐसी मान्यता है कि सरसों के तेल का दान करने से आर्थिक परेशानियां दूर होती हैं, कर्ज से छुटकारा मिलता है और धन आगमन के योग बनते हैं। इससे घर में सुख-समृद्धि आती है।

### नमक का दान

आषाढ़ मास में नमक का दान करने से माता लक्ष्मी प्रसन्न होती हैं और घर में धन-धान्य की कमी नहीं होती है। आषाढ़ मास में किए गए दान-पुण्य से मनोकामनाएं पूरी होती हैं। इतना ही नहीं, अगर किसी जातक की कुंडली में कालसर्प दोष है तो नमक का दान करने से लाभ हो सकता है।

**कार्नर न्यूज**

## बदलती जीवन शैली में अब डिजीटल दुनिया से आराम भी जरूरी

# डिजिटल डिटॉक्स अपना कर आप नेचर से कर सकती हैं खुद को कनेक्ट, तेजी से बढ़ रहा चलन

आजकल हमलोग फोन से इतने ज्यादा कनेक्ट हो गए हैं, कि हमारा नेचर से जुड़ाव ही खत्म हो गया है। वक्त मिलता भी है, तो हम हर वक्त फोन स्क्रॉल करते रहते हैं। ऐसे में डिजिटल डिटॉक्स बेहद जरूरी हो गया है। आइए जानते हैं इसके फायदे

आजकल हमारा फ़ोन हमेशा हमारी पहुंच में रहता है, और हर घंटे नोटिफिकेशन आते रहते हैं। ऐसे में, तकनीक एक वरदान भी है और एक अभिशाप भी। जहां डिजिटल तकनीक ने संचार और काम करने के तरीके को पूरी तरह बदल दिया है, वहीं इसने हमें अपनी जड़ों से, यानी प्रकृति से हमारे जुड़ाव से भी दूर कर दिया है।

क्या आपने कभी सोचा है कि हम लगातार डिजिटल दुनिया से जुड़े रहकर कितना कुछ खो रहे हैं? एक सामान्य वयस्क दिन में 6 घंटे से ज़्यादा स्क्रीन पर घूरता रहता है। यह हमें मानसिक रूप से थका देता है, हमारी नींद में खलल डालता है, ध्यान केंद्रित करने की अवधि को कम करता है, और भावनात्मक रूप से बर्नआउट का कारण बन सकता है। यहां तक कि खाली समय में भी, हममें से कई लोग बिना सोचे-समझे स्क्रॉल करते रहते हैं। यह कितनी अजीब विडंबना है कि जहां तकनीक हमें दुनिया भर में एकजुट करती



है, वहीं यह हमें खुद से और अपने आसपास के माहौल से अलग भी करती है। आइए एक्सप्रट से जानते हैं कि हम दोबारा से नेचर से खुद को कैसे जोड़ पाएंगे। भावना श्याम, हैबिट कोच और रोगविषयक मनोविज्ञानी , एलाईव हेल्थ इस बारे में जानकारी दे रही हैं।

### डिजिटल डिटॉक्सः प्रकृति से फिर से जुड़कर पाएं नई ऊर्जा

आजकल हमारा फ़ोन हमेशा हमारी पहुँच में रहता है, और हर घंटे नोटिफिकेशन आते रहते हैं। ऐसे में, तकनीक एक वरदान भी है और एक अभिशाप भी। जहाँ डिजिटल तकनीक ने संचार और काम करने के तरीके को पूरी तरह बदल दिया है, वहीं इसने हमें अपनी जड़ों से, यानी प्रकृति से हमारे जुड़ाव से भी दूर कर दिया है।

### लगातार जुड़े रहने की भारी कीमतः क्यों थक रहा है हमारा मन?

क्या आपने कभी सोचा है कि हम लगातार डिजिटल दुनिया से जुड़े रहकर कितना कुछ खो रहे हैं? एक सामान्य वयस्क दिन में 6 घंटे से ज़्यादा स्क्रीन पर घूरता रहता है। यह हमें मानसिक रूप से थका देता है, हमारी नींद में खलल डालता है, ध्यान



केंद्रित करने की अवधि को कम करता है, और भावनात्मक रूप से बर्नआउट का कारण बन सकता है। यहाँ तक कि खाली समय में भी, हममें से कई लोग बिना सोचे-समझे स्क्रॉल करते रहते हैं, जिससे उत्पादकता और बर्नआउट के बीच का अंतर मिट जाता है। यह कितनी अजीब विडंबना है कि जहाँ तकनीक हमें दुनिया भर में एकजुट करती है, वहीं यह हमें खुद से और अपने आसपास के माहौल से अलग भी करती है।

### प्रकृति क्यों है संजीवनी बूटी? इसके अनमोल फायदे

प्रकृति सिर्फ़ एक खूबसूरत नज़ारा नहीं है – यह हमारे मानसिक, भावनात्मक और यहाँ तक कि शारीरिक स्वास्थ्य के लिए एक प्रमाणित इलाज है। बाहर समय बिताने से हमें कई अविश्वसनीय लाभ मिलते हैंः हमारे मूड और सोचने-समझने की क्षमता (संज्ञानात्मक कार्य) में सुधार करता है। एकाग्रता और रचनात्मकता को बढ़ाता है।हमारी आंतरिक शरीर की घड़ियों को नियंत्रित करता है और अच्छी नींद को बढ़ावा देता है।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## कैब ड्राइवर ने रैपर क्रिसी सेलेस पर तानी बंदूक, पुलिस ने की सख्ती



अमेरिका के फ्लोरिडा में रैपर क्रिसी सेलेस के साथ एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। उनके ऊपर एक कैब ड्राइवर ने बंदूक तान दी। पहले कैब ड्राइवर ने रैपर से अपनी कैब से बाहर निकलने को कहा, जब बहस बढ़ी तो उसने रैपर पर बंदूक तान दी। किसी तरह से रैपर ने अपनी जान बचाई। इस मामले ने सभी को चैंका दिया है। कैब ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है। रैपर क्रिसी सेलेस फिलहाल ठीक हैं। खबर के मुताबिक उबर कैब ड्राइवर जेनिफर बेनीडेज ने मियामी से दो महिलाओं को अपनी कैब में बिठाया। इसके बाद दोनों को गंतव्य से पहले हॉलीवुड में एक जगह पर उतरने को कहा। सवारियों ने उतरने से मन कर दिया। इस पर कैब ड्राइवर ने रैपर क्रिसी सेलेस पर बंदूक तान दी।

इस घटना की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। इस वीडियो में देखा जा सकता है कि कैब ड्राइवर और सवारियों के बीच तीखी बहस हो रही है। कैब ड्राइवर बार-बार सवारियों से कह रही है कि मेरी कार से उतर जाओ। जब वह दोनों उतरने से मना करते हैं तो कैब ड्राइवर उन पर बंदूक तान देती है। रैपर क्रिसी सेलेस किसी तरह अपनी जान बचाती हैं।

मामले के कई दिन अब कैब ड्राइवर जेनिफर बेनीडेज को गिरफ्तार कर लिया गया। उबर ने बेनिटेज को अपने ऐप से डिएक्टिवेट कर दिया है और मामले की जांच कर रहा है। घटना के बाद कैब ने माफी मांगी है और इस घटना को बहुत आपत्तिजनक बताया है। अमेरिका में खुलेआम बंदूक रखने पर लंबे समय से सवाल उठते रहे हैं। अमेरिका में पहले भी कई ऐसे मौके आए हैं जब आम लोगों पर जानलेवा हमले किए गए हैं।

### टॉलीवुड

## रश्मिका की तारीफ में बोले नागार्जुन- 'वो टैलेंट की पावरहाउस'



धनुष, नागार्जुन और रश्मिका मंदाना की फिल्म 'कुबेर' लगातार चर्चाओं में बनी हुई है। हाल ही में मुंबई में फिल्म का म्यूजिक लॉन्च इवेंट हुआ, जिसमें फिल्म की पूरी कास्ट नजर आई। इस दौरान सुपरस्टार नागार्जुन ने फिल्म की शूटिंग के अपने अनुभव और कलाकारों को लेकर बात की। नागार्जुन ने फिल्म के निर्देशक शेखर कम्मुला और अभिनेत्री रश्मिका मंदाना की भी तारीफ की। इवेंट के दौरान नागार्जुन ने बोलते हुए कहा, 'जब भी मैं मुंबई आता हूं, एयरपोर्ट से होटल और इवेंट तक, हर जगह मुझे ऑडियंस का ढेर सारा प्यार और अपनापन मिलता है। लोग मुझसे हमेशा कुछ नया और बड़ा करने की उम्मीद रखते हैं। अपने करियर की शुरुआत से ही, चाहे वो 'शिव' हो, 'खुदा गवाह', 'क्रिमिनल', 'जख्म' या 'अंगारे', मुझे उत्तर भारत की ऑडियंस ने हमेशा सराहा है। नार्थ में मेरी डब फिल्में भी यहां खूब पसंद की गई हैं। यहां के लोगों का मैं दिल से आभार व्यक्त करता हूं।' अभिनेता ने आगे कहा कि मैं उत्तर भारत की ऑडियंस का दिल से धन्यवाद करता हूं कि उन्होंने दक्षिण भारत की फिल्मों को इतना प्यार दिया। आजकल हर कोई पूरे भारत की फिल्में देख रहा है और सराह रहा है। पैन इंडिया फिल्म का हिस्सा बनना मेरे लिए गर्व की बात है। 'कुबेर' तमिल, तेलुगू और हिंदी में रिलीज होगी। मुझे लगता है, यही इंडियन सिनेमा का भविष्य है। फिल्म के बारे में बात करते हुए नागार्जुन ने कहा, 'यह फिल्म मेरे लिए बहुत खास है। जब मुझे यह ऑफर मिला, मैं सोच रहा था कि आगे क्या नया करूं। एक जैसे रोल बार-बार नहीं कर सकता। तभी शेखर कम्मुला, जिनके साथ मैं 15 साल से काम करना चाहता था, मेरे पास आए और बोले- क्या आप ये रोल करना चाहेंगे? मैंने बिना पूछे हां कर दी, क्योंकि मैं जानता था कि शेखर कम्मुला शानदार फिल्ममेकर हैं, उनकी इमोशंस बहुत सच्ची हैं।

### भोजपुरी

## यश की फिल्म 'लाखों में एक हमार भईया' का ट्रेलर देख फैंस हुए भावुक



भोजपुरी सिनेमा के दर्शकों के लिए एक बेहद संवेदनशील और भावनात्मक फिल्म 'लाखों में एक हमार भईया' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। फिल्म भाई-बहन के अमिट प्रेम, संघर्ष और बलिदान को केंद्र में रखकर बनाई गई है, जो दर्शकों को भावनात्मक रूप से झकझोर देती है। इसमें यश कुमार लीड रोल में हैं, जो अपनी एक्टिंग से पहले ही भोजपुरी सिनेमा में एक मजबूत पहचान बना चुके हैं। एक्टर यश कुमार इस बार एक संवेदनशील और प्रेरणादायक भाई के किरदार में नजर आ रहे हैं। फिल्म को लेकर यश कुमार ने कहा, ''लाखों में एक हमार भईया' मेरे दिल के बेहद करीब है। इस फिल्म के जरिए हमने भाई-बहन के उस रिश्ते को बड़े पर्दे पर उतारने की कोशिश की है, जो सिर्फ खून का नहीं, बल्कि भावनाओं, विश्वास और बलिदान से जुड़ा होता है।' उन्होंने आगे कहा, 'इस फिल्म में सिर्फ ड्रामा या एक्शन नहीं है, बल्कि एक ऐसा संदेश है जो हर परिवार को जोड़ता है। हम चाहते हैं कि यह फिल्म हर उस भाई और बहन के दिल को छुए, जो एक-दूसरे के लिए हर परिस्थिति में खड़े रहते हैं।' यश कुमार ने आगे कहा, 'हमारी भोजपुरी इंडस्ट्री में पारिवारिक और संवेदनशील फिल्मों की कमी होती जा रही है। इस फिल्म के माध्यम से हम यह दिखाना चाहते हैं कि अच्छे कंटेंट वाली फिल्में भी दर्शकों को पसंद आ सकती हैं और समाज को दिशा दे सकती हैं। आप सभी इस फिल्म को जरूर देखें और इसे अपने परिवार के साथ देखें, क्योंकि ये फिल्म आपको सिर्फ मनोरंजन नहीं देगी।

### लाइफ स्टाइल



2025 का ट्रेंड

रिज़ॉर्ट 2025 कलेक्शन में मुख्य रूप से पारदर्शी सौंदर्य को दर्शाया गया है, जिसमें डिज़ाइनरों ने नाज़ुक लेस से लेकर पूरी तरह से पारदर्शी को-ऑर्ड तक पारदर्शी कपड़ों की एक श्रृंखला को अपनाया है। यहां अंडरस्कर्ट की परिकल्पना स्टैंडअलोन पीस के रूप में की गई है, जिसे अक्सर सिलवाया जैकेट या कैज़ुअल टी-शर्ट के साथ जोड़ा जाता है। यह लेयरिंग के महत्व को उजागर करती है।

## लंबे समय तक टिका रहेगा हेयर कलर

बालों में हेयर कलर करवाना हम सभी को पसंद होता है। किसी को यह फैशन स्टाइल लगता है, तो कोई अपने बालों को अच्छा दिखाने के लिए करवाता है। लेकिन इसे लंबे समय तक टिकाए रखने के लिए कुछ टिप्स को जरूर फॉलो करना चाहिए।

बालों की केयर करना हम सभी को पसंद होता है। इसलिए हम बालों में हेयर स्टाइल को बनाते हैं। लेकिन आजकर हेयर कलर काफी ट्रेंड में है। इसी वजह से लोग अपने बालों में अलग-अलग तरह के कलर को करा रहे हैं। कोई बालों को गोल्डन करा रहा है, तो किसी को लाल या हरे बाल पसंद आ रहे हैं। लेकिन इन्हें करवाने में पैसे भी काफी लगते हैं। ऐसे में जरूरी है कि आप बालों के कलर को लंबे समय तक टीका रहने के लिए कुछ चीजों का खास ध्यान रखें। चलिए आपको बताते हैं किन बातों का ध्यान आपको रखना चाहिए।

### हेयर कलर करवाने के तुरंत बाद शैंपू न करें

बालों में कलर करवाने के लिए आप पार्लर जाते हैं। वहां पर वो आपके बालों को अच्छे से अच्छा ट्रीटमेंट देते हैं। ऐसे में आप बालों में ड्राई या लिक्विड किसी भी तरह के शैंपू को न लगाएं। इसकी वजह आपके बालों में हुए कलर खराब हो सकते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि शैंपू मेंसॉल्वेंट की मात्रा ज्यादा होती है, जो बालों के रंग पर असर डालती है। ऐसे में कोशिश करें कीशैंपू का इस्तेमाल न करें। इससे आपके बालों का कलर फीका नहीं पड़ेगा। साथ ही, खराब होने से बच जाएंगे। इससे बेहतर है कि आप जिसने आपका ट्रीटमेंट किया है उनकी सलाह लेकर ही बालों में शैंपू का इस्तेमाल करें, ताकि आपको जल्दी सैलून के चक्कर न लगाने पड़ें।



### हेयर कलर के बाद गर्म पानी से न करें बाल वॉश

कई बार हम बालों को धोने के लिए गुनगुने पानी का इस्तेमाल कर लेते हैं। लेकिन आपको बालों का कलर लंबे समय तक टीकाकर रखना है, तो ऐसे में आप गर्म या गुनगुने पानी का इस्तेमाल न करें। इससे आपके बाल खराब हो सकते हैं। साथ ही, बालों में ड्राइनेस भी हो सकती है। इससे बेहतर है कि आप नॉर्मल पानी से ही बालों को वॉश करें। कई बार हेयर स्टाइल को बनाने के लिए हम बालों में सीरम या जेल का इस्तेमाल कर लेते हैं। इन्हें लगाने से भी हेयर कलर फीका हो सकता है।

## पहनें ऐसे लाइट कलर के लहंगे, लुक दिखेगा हटके





बेस्ट फ्रेंड की शादी का मौका हर किसी के जीवन में बेहद खास होता है। इस दिन हम सबसे खूबसूरत लुक क्रिएट करना चाहते हैं। ताकि जो भी हमें एक बार देखे तो बस देखता ही रह जाए। इसके लिए हमें अपने लुक को गॉर्जियस बनाने के लिए काफी सोचना भी पड़ता है। इसके बाद ही हम अपनी दोस्त की शादी में अट्रैक्टिव नजर आते हैं। ऐसे में यदि आपकी भी बेस्ट फ्रेंड की शादी बेहद नजदीक है और आप उसमें शामिल होने का सोच रही हैं, तो आज हम आपके लिए लाइट कलर के लहंगे लेकर आए हैं। इन लहंगों को पहनने के बाद आपका लुक सबसे जुदा दिखेगा। गर्मियों के लिए ये लहंगे बेस्ट चॉइस हैं। इनकी पहनने के बाद वेडिंग में आपका लुक काफी मॉडर्न और शानदार नजर आएगा। आइए फिर लाइट कलर के लहंगों पर डालते हैं एक नजर।

**लाइट कलर के लहंगे डिजाइंस:** आप भी जल्द किसी खास दोस्त की शादी में शामिल होने जा रही हैं, तो लाइट कलर के इन लहंगों को स्टाइल कर सकती हैं।

**लाइट ग्रे मिरर वर्क फ्लेयर्ड लहंगा:** दोस्त की शादी में पहनने के लिए यह लाइट ग्रे कलर का लहंगा बेस्ट रहेगा। इस लहंगे की चोली से लेकर दुपट्टे और पूरे लहंगे पर मिरर वर्क किया गया है। ऐसे में यह लहंगे बेहद खूबसूरत लुक दे रहा है। आप भी इस तरह का लहंगा खरीदकर अपना लुक बेस्ट फ्रेंड की शादी में सुंदर बना सकती हैं। लहंगे के संग आप भी ऐसी फुल स्लीव्स चोली पेयर करें और दुपट्टे को नेक में पहनें। हेयर स्टाइल को आप कर्ली करके वन साइड कोई भी एक्सेसरीज लगा सकती हैं। साथ में ग्लॉसी मेकअप और हाई हील्स आपके लुक को परफेक्ट बना देगी। ऐसे लहंगे आपको आसानी से ऑनलाइन मिल जाएंगे।

**लाइट ग्रीन लहंगा:** अगर आपको वेडिंग में सबसे जुदा नजर आना है, तो उसके लिए यह लाइट ग्रीन कलर का लहंगा परफेक्ट है। इस लहंगे पर फुल मिरर और थ्रेड से वर्क किया गया है। ऐसे में ऑल ओवर लहंगे का लुक काफी रिच लग रहा है। इस लहंगे का दुपट्टा नेट का है और बाजू भी नेट की हैं।

## मीडियम फेयर स्किन के लिए परफेक्ट हैं लिपस्टिक शेड्स

मेकअप करते हुए लिपस्टिक आपके पूरे लुक को बदल सकती है। भले ही आपने सिंपल मेकअप किया हो, लेकिन अगर आप अपने आउटफिट, ओकेजन और स्किन टोन के अनुसार लिपस्टिक के सही शेड को चुनती हैं तो इससे आपको पूरा लुक इंस्टेंट अपग्रेड हो जाता है। हालांकि, अधिकतर महिलाएं इसी में अक्सर गलती कर बैठती हैं।

### रोज़ पिंक

अगर आप एक फेमिनिन लुक क्रिएट करना चाहती हैं तो ऐसे में रोज़ पिंक लिपस्टिक शेड को अपनी मेकअप किट का हिस्सा जरूर बनाएं। यह आपको एक सॉफ्ट लुक देता है। चाहे आप अपने पार्टनर के साथ डेट पर जा रही हों या फिर फैमिली गैदरिंग्स हो, इस लिपस्टिक शेड को एक बार जरूर ट्राई करें। रोज़ पिंक लिपस्टिक लगाते हुए आप मैचिंग पिंक ब्लश, ड्यू बेस और हल्का हाईलाइटर लगाकर अपने लुक को खास बना सकती हैं।

### चेरी रेड

अगर आप एक अपने लुक को एक बोल्ड



टच देना चाहती हैं तो चेरी रेड लिपस्टिक को भी लगाया जा सकता है। यह आपके लुक को इंस्टेंट ग्लैमर और कॉन्फिडेंस देता है। चेरी रेड के अलावा ब्लू-बेस्ड रेड भी मीडियम फेयर स्किन टोन पर काफी अच्छा लगता है। आप पार्टीज से लेकर शादियों व शाम के फंक्शन्स में इस लिपस्टिक शेड को लगा सकती है। ब्लैक साड़ी या सिंपल रेड कुर्ते के साथ इस लिपस्टिक शेड को लगाएं।

### पीच न्यूड

यह एक ऐसा लिपस्टिक शेड है जो आपके चेहरे पर एक फ्रेशनेस और वॉर्मथ लेकर आता है। आप इसे गर्मी के मौसम में आसानी से अप्लाई करें। यह डे आउटिंग या ब्रंच लुक के लिए एकदम परफेक्ट है।

## क्लच और हैंडबैग में है कंफ्यूजन तो जानिए कब करें कौन सा कैरी

अक्सर हम अपने साथ हैंडबैग या क्लच को जरूर कैरी करती हैं। लेकिन एक परफेक्ट लुक क्रिएट करने के लिए इनमें से किसे और कब कैरी करना चाहिए, आपके लिए यह जानना जरूरी है।

जब भी हम खुद को स्टाइल करती हैं तो हर छोटी-छोटी डिटेल पर ध्यान देती हैं। अपने आउटफिट से लेकर मेकअप, हेयरस्टाइलिंग व एक्सेसरीज के साथ-साथ बैग पर भी उतना ही फोकस करती हैं। वैसे जब भी बैग की बात होती है तो दिमाग में क्लच या हैंडबैग का नाम ही आता है। ये दो ऐसे ऑप्शन हैं, जिन्हें सबसे ज्यादा पसंद किया जाता है। जहां क्लच छोटे, क्यूट और स्टाइलिश होते हैं। इन्हें अमूमन शादी, डेट नाइट या किसी फंक्शन के लिए एकदम परफेक्ट ऑप्शन माना जाता है। वहीं, हैंडबैग को तब सबसे ज्यादा कैरी किया जाता है, जब अधिक सामान आसानी से कैरी करना हो। वैसे अगर आप भी कभी शीशे के सामने खड़ी होकर सोच में पड़ जाती हैं कि क्लच या हैंडबैग में से किसे कैरी किया जाए, तो इसके बारे में आज हम आपको इस लेख में बता रहे हैं- क्लच आपको स्टाइलिश दिखाते हैं, इसलिए पार्टी,



शादी या डेट पर जाते समय क्लच को कैरी करने का विचार किया जा सकता है, बशर्ते आपको सामान कम रखना चाहिए। क्लच साइज में छोटा होता है, लेकिन आपको एकदम क्लासी लुक देता है। आजकल मार्केट में कई अलग-अलग डिजाइन्स जैसे सीक्वेंस से लेकर एंब्रायडिड क्लच मिलते हैं, जिन्हें आप अपने आउटफिट के अनुसार स्टाइल कर सकती हैं। अमूमन क्लच इंडियन वियर से लेकर गाउन तक के साथ कैरी किए जा सकते हैं।

### कार्नर न्यूज

### सनग्लासेस सिर्फ फैशन नहीं, सुरक्षा का साधन भी

## आजकल चलन में हैं पावर वाले सनग्लासेस झिझक छोड़ अपनाएं और बिखेरें जलवा

आज के समय में आंखों पर पहले से कहीं अधिक दबाव है। ऐसे में नजर के चश्मे, हमारी जरूरत बन गए हैं। लेकिन जब आप नजर के चश्मे पहनकर तेज धूप में निकलती हैं तो आंखें चौंधिया जाती हैं। वहीं अगर आपकी नजर कमजोर है तो आप सनग्लासेस भी नहीं पहन सकतीं, क्योंकि आप पहने से चश्मा पहनती हैं। मगर ऐसा बिल्कुल नहीं है। इस समय पावर वाले सनग्लासेस ट्रेंड में हैं, जिनसे कूल और स्टाइलिश दिखना आसान हो गया है।

### पावर के सनग्लासेस

सनग्लासेस सिर्फ फैशन नहीं, सुरक्षा का साधन भी हैं, जिनमें अब सन प्रोटेक्शन के साथ ही पावर लेंस भी जुड़ गए हैं, यानी अब ये यूवी प्रोटेक्शन, एंटी-ग्लेयर और फोटोक्रोमिक लेंस टेक्नोलॉजी के साथ उपलब्ध हैं। इससे आंखों को तेज धूप, हानिकारक अल्ट्रावायलेट किरणों और रिफ्लेक्टेड लाइट से बचाव मिलता है। फोटोक्रोमिक लेंस धूप के संपर्क में आते ही अपने आप गहरे और छांव में नॉर्मल हो जाते हैं, जिससे दिन भर आंखों को



आराम और स्पष्ट दृष्टि मिलती है। यह तकनीक दृष्टि और सुरक्षा का बेहतरीन संयोजन पेश कर रही है।

### फैशन भी, जरूरत भी

मौजूदा जरूरतों और फैशन को ध्यान में रखते हुए कई ब्रांड्स अब पावर वाले ट्रेंडी सनग्लासेस का कलेक्शन पेश कर रहे हैं। इनमें सबसे लोकप्रिय हैं- मैग्नेटिक अटैचमेंट ग्लासेस, जिन्हें जरूरत के अनुसार आसानी से लगाया और हटाया जा सकता है। इसके अलावा ट्रांजिशन ग्लासेस भी बहुत पसंद किए जा रहे हैं। ये स्मार्ट ग्लासेस आपको सुविधा, स्टाइल और सेहत, तीनों का बेहतरीन कॉम्बिनेशन प्रदान करते हैं।

### आंखें भी सुरक्षित

धूप में निकलते समय आंखों पर यूवी किरणों का बुरा असर पड़ता है। ये किरणें कंजंक्टिवाइटिस, मोतियाबिंद, रेटिना डैमेज जैसी समस्याओं का कारण बन सकती हैं। पावर वाले सनग्लासेस यदि यूवी 400 या पोलराइज्ड लेंस के साथ आते हैं तो ये आंखों को सुरक्षित रखते हैं। इस समय पावर लेंस ब्लू लाइट फिल्टर के साथ भी आ रहे हैं, जो कंप्यूटर और मोबाइल स्क्रीन की हानिकारक किरणों से बचाते हैं। असल में, सही पावर वाले चश्मे पहनने से आंखों को ज्यादा मेहनत नहीं करनी पड़ती, आपको सिर दर्द नहीं होता और दृष्टि में भी सुधार होता है।

### चयन करते वक्त

पावर वाले चश्मों में सनग्लासेस का उपयोग आंखों की सेहत के लिए लाभकारी हो सकता है, बशर्ते वे सही तरीके से चुने जाएं और उनमें अच्छी गुणवत्ता वाले लेंस का उपयोग किया गया हो। सिर्फ फैशन के लिए सस्ते और बिना आंखों की जांच कर पहने गए सनग्लासेस आपकी दृष्टि को नुकसान पहुंचा सकते हैं। फैशन के नाम पर आंखों से समझौता करना ठीक नहीं है।

### आंखों की जांच के बाद ही चुनें

ऑप्टोमेट्रिस्ट, सीताराम शर्मा का कहना है कि पावर के साथ मिलने वाले सनग्लासेस एक अच्छा विकल्प बन चुके हैं। इनका उपयोग आज की जरूरत है। बस इनका उपयोग करते समय कुछ बातों का ध्यान रखना आवश्यक है, जैसे- ऑनलाइन या सस्ते विकल्पों से बचें और हमेशा ऑप्टोमेट्रिस्ट से आंखों की जांच कराकर ही चश्मा बनवाएं। प्रतिष्ठित ब्रांड या अच्छी कंपनी से ही यूवी प्रोटेक्शन और एंटी-ग्लेयर कोटिंग वाला पावर सनग्लासेस लें।